दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 303 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | शनिवार, 06 सितंबर 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष अनंत चतुर्दशी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# भारत और रूस को हमने चीन के हाथों खो दिया: ट्रंप

## मोदी, पुतिन और शी जिनपिंग की तस्वीर शेयर कर ट्रंप का बड़ा बयान

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनके रूस और भारत से रिश्ते खत्म होते नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि अमेरिका ने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। पोस्ट के साथ ट्रंप ने चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन (SCO) शिखर सम्मेलन की तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ नजर आ रहे हैं। ऐसा करते हुए ट्रंप ने भारत और रूस के साथ संबंध खत्म करने के संकेत दिए हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'लगता है हमने भारत और रूस को सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो!' ट्रंप ने एससीओ समिट की तस्वीर शेयर करते हुए संकेत दिया है कि रूस और भारत के चीन की तरफ जाने को वह अमेरिका के साथ रिश्ते खत्म करने की तरह देख रहे हैं।







### टैरिफ से बढ़ा तनाव

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारत के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया है। अमेरिकी सरकार ने बीते महीने भारत के सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इससे दोनों देशों के बीच तनाव है। वहीं रूस के साथ यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका की तनातनी बढ़ हुई है। इस घटनाक्रम के बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी ने इस महीने की शुरुआत में चीन का दौरा किया है। चीन में एससीओ समिट के लिए पुतिन और मोदी पहुंचे। दोनों नेताओं की चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ मुलाकात हुई। रूस, चीन और भारत के नेताओं के साथ आने को अमेरिका को जवाब देने की तरह देखा गया है। एक्सपर्ट का कहना है कि मोदी ने चीन जाकर ट्रंप को सख्त संदेश दिया है। ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट से लगता है उनको मोदी, जिनपिंग और पुतिन की बैठक से धक्का पहुंचा है।

### भारत पर हमलावर हैं ट्रंप

ट्रंप प्रशासन की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंध काफी नीचे पहुंच गए हैं। अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी बेस टैरिफ और रूसी तेल की निरंतर खरीद पर 25 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। रूस से तेल खरीद और अमेरिकी सामानों पर शुल्क को लेकर ट्रंप भारत पर हमलावर हैं। ट्रंप ने इसी हफ्ते कहा था कि भारत की व्यापार नीतियां एकतरफा और अमेरिकी हितों के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि भारत के साथ उनके रिश्ते काफी अच्छे रहे हैं लेकिन भारतीय आयात पर 50 फीसद का शुल्क अमेरिकी हित में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत वर्षों से हमारे सामानों पर बहुत ज्यादा शुल्क लगा रहा है।

# बाढ़ प्रभावित राज्यों का पीएम मोदी करेंगे दौरा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** देश में कई हिस्सों में आई भयावह बाढ़ को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने का आग्रह किया। कांग्रेस नेता गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बाढ़ की स्थिति बेहद चिंताजनक है।

केंद्र सरकार से मदद मांगते हुए गांधी ने कहा, 'मोदी जी, पंजाब में बाढ़ ने भयंकर तबाही मचाई है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भी स्थिति बेहद चिंताजनक है। ऐसे मुश्किल समय में आपका (पीएम मोदी) ध्यान और केंद्र सरकार की सक्रिय मदद बेहद जरूरी है। हजारों परिवार अपने घर, जान और प्रियजनों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।' गांधी ने एक्स पोस्ट में आगे कहा, 'मैं आग्रह करता हूं कि इन राज्यों, खासकर किसानों के लिए एक विशेष राहत पैकेज (स्पेशल रिलीफ पैकेज) की तत्काल घोषणा की जाए और राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए।'

इस बीच, देश के कई राज्यों में भारी बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तरी पंजाब, उत्तरी हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तर-पश्चिम और पूर्वी मध्य प्रदेश और ओडिशा के कई जिलों के लिए रेड अलर्ट चेतावनी जारी की है।

## न्यूज ब्रीफ

### 2 साल बाद आरसीए की एजीएम बैठक

**जयपुर:** करीब दो साल बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की वार्षिक आम बैठक (AGM) आयोजित की गई. खास बात ये रही कि करीब दो साल बाद प्रदेश के सभी 33 जिलों के क्रिकेट संघ पदाधिकारी भी मौजूद रहे. इस दौरान आरसीए की एडहॉक कमेटी के कन्वीनर डीडी कुमावत ने बताया कि बैठक में नए जिलों में हुए क्रिकेट संघों के चुनाव को निरस्त कर दिया गया है. साथ ही पूर्ववर्ती एडहॉक कमेटी और अन्य कमेटियों के लिए गए निर्णयों को भी निरस्त कर दिया गया है। कुमावत ने बताया कि चौंप में बन रहे नए स्टेडियम का काम तेजी से शुरू करवाने पर सहमति बनी है. इसके अलावा नए जिलों में करवाए गए चुनावों को निरस्त कर दिया गया है. वहीं, पूर्ववर्ती एडहॉक कमेटी और अन्य कमेटियों द्वारा जो निर्णय लिए गए थे, उनको भी निरस्त कर दिया गया है. इसके लिए सभी जिला क्रिकेट संघों ने सहमति प्रदान की है।

### मुंबई को फिर से दहलाने की मिली धमकी

मुंबई फिर से दहशत के साए में है। इस बार मिली धमकी पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक बताई जा रही है, क्योंकि इसमें ह्यूमन बॉम्ब और 400 किलो आरडीएक्स का जिक्र है। त्योहारों के बीच आई इस धमकी ने पुलिस की नींद उड़ा दी है। धमकी भरा मैसेज सीधे मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर भेजा गया, जिसमें दावा किया गया है कि पाकिस्तान से घुसे आतंकी बड़े पैमाने पर हमले की तैयारी में हैं। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और पूरे शहर को हाई अलर्ट पर रखा गया है। धमकी देने वाले ने मैसेज में लिखा है कि 34 गाड़ियों में ह्यूमन बॉम्ब लगाए गए हैं।

# खैरथल-तिजारा जिला अब नए नाम से जाना जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भजनलाल सरकार ने पिछले साल गहलोत राज में बनाए गए 17 नए जिलों में से 9 का गठन रद्द कर दिया था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अब फिर से बड़ा फैसला लिया है। खैरथल-तिजारा जिले का नाम बदलकर भर्तृहरि नगर कर दिया गया। खैरथल-तिजारा का नाम बदलने को लेकर सियासी बयानबाजी भी शुरू हो गई है। वहीं भाजपा सरकार नए नाम के पीछे राजा भर्तृहरि की महानता को लोगों तक पहुंचाने की बात कह रही है। नया नाम सरकार के लिए बड़ी उपलब्धि और जिले को एक नई पहचान के तौर पर देखा जा रहा है। यहां पढ़ें विस्तृत जानकारी...

उज्जैन के महान राजा भर्तृहरि का नाम इतिहास में बड़े सम्मान से लिया जाता है। वे उज्जैन के प्रसिद्ध राजा विक्रमादित्य के बड़े भाई थे। भर्तृहरि अपनी विद्वत्ता, शौर्य और आध्यात्मिकता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने छोटे भाई विक्रमादित्य को राजपाट सौंपकर सन्यास ग्रहण कर लिया था। इसको लेकर कई तरह की कहानियां प्रचलित हैं। इधर, राजस्थान से भी भर्तृहरि का गहरा संबंध रहा है। अलवर के सरिस्का में उनकी समाधि स्थल है, जहां उन्होंने तपस्या की थी। भर्तृहरि मंदिर और पांडुपोल, दोनों ही मंदिर सरिस्का टाइगर रिज़र्व के क्षेत्र में स्थित हैं, जहां हर साल भाद्रपद महीने की अष्टमी को भर्तृहरि मेला आयोजित होता है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। इस मेले को अलवर जिले के लख्खी मेले के रूप में भी जाना जाता है। इसी कारण खैरथल-तिजारा के नाम परिवर्तन के पीछे सरकार की यह भावना मानी जा रही है कि राजा भर्तृहरि की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत को अधिक पहचान दिलाई जाए।

### कौन थे राजा भर्तृहरि?

बता दें कि अलवर में भर्तृहरि धाम उनकी समाधि का स्थान है, जहां सदियों से अखंड ज्योति और धूनी जल रही है। स्थानीय लोग इसे भर्तृहरि का चमत्कार मानते हैं। कहा जाता है कि यह समाधि उनके शिष्यों ने ईसा से सौ साल पहले बनवाई थी। वहीं उज्जैन में भर्तृहरि की गुफा आज भी उनके तप का प्रतीक मानी जाती है। बताया जाता है कि उन्होंने यहां 12 साल तक कठोर तपस्या की। गुफा के पास शिप्रा नदी बहती है और वहां एक धूनी की राख हमेशा गर्म रहती है।




राजस्थान में ऑन-डिमांड परीक्षा का शुभारंभ

# शिक्षक केवल गणित का फॉर्मूला, इतिहास की तारीख ही नहीं सिखाते: सीएम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के बिड़ला सभागार में शुक्रवार को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 75 शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिनमें से 66 शिक्षक विभिन्न श्रेणियों में शामिल थे और 9 शिक्षकों को उनके विशेष योगदान और उल्लेखनीय कार्यों के लिए विशेष सम्मान दिया गया।

सभी ने कार्यक्रम में झालावाड़ में जर्जर स्कूल गिरने से हुई 7 बच्चों की मौत पर मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद घटना ने समारोह में शोक की छाया बनाए रखी।

सीएम गहलोत ने शिक्षकों पर उठाया सवाल राजस्थान के मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान शिक्षा के वर्तमान स्वरूप पर चिंता जताई। सीएम ने कहा कि कई शिक्षक केवल गणित के फॉर्मूले ही पढ़ाते हैं और इतिहास की तारीखें या मूलभूत ज्ञान नहीं। उन्होंने शिक्षक समुदाय से अपील की कि वे वास्तविक ज्ञान और व्यावहारिक शिक्षा पर ध्यान दें, ताकि छात्रों का समग्र विकास हो सके।



सीएम ने नई ऑन-डिमांड परीक्षा प्रणाली का भी उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य है कि छात्र अपनी क्षमता और समय के अनुसार परीक्षा दे सकें और व्यक्तिगत सुधार कर सकें। यह पहल राजस्थान में शिक्षा के स्तर को सुधारने और छात्रों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# टपकती छतें और बहती उम्मीदें

## नए जिले का सपना, पुराने दफ्तरों का दुख

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर के नवगठित जिला बनने की खुशी में लोग तालियां बजा रहे थे, लेकिन हकीकत यह है कि दफ्तरों की छतें अब तालियां नहीं, टपकन बजा रही हैं। लाखों-करोड़ों की योजनाएं कागजों पर दौड़ रही हैं और कर्मचारी जमीन पर पानी में भीगते फाइलें संभाल रहे हैं।रसद विभाग की बिल्डिंग की छत से टपकते पानी को रोकने के लिए अधिकारी अब्दुल सादिक ने कर्मचारियों को छत पर चढ़ा कर सफाई करवाई। वाह! यह है नवजिले की कार्य संस्कृति अफसर आदेश देंगे और कर्मचारी झाड़ू लेकर छत पर चढ़ जाएंगे। लेकिन छत पुरानी है, दरारें गहरी हैं, और पानी अपनी मनमानी करता है श्रम कल्याण विभाग का ऑफिस भी किसी मंदिर के प्रसाद वितरण केंद्र जैसा लगने लगता है—अंतर बस इतना है कि यहां प्रसाद नहीं, बल्कि पानी की बूंदें मुफ्त में टपकती हैं। कर्मचारी छाते खोलकर बैठें या बाल्टी-पात्र लगाकर काम करें, यह उनकी व्यक्तिगत जुगाड़ क्षमता पर निर्भर है।सवाल यह है कि जिले के गठन के समय बड़ी-बड़ी घोषणाएं हुईं नए दफ्तर, बेहतर सुविधाएं, आधुनिक कार्य संस्कृति। लेकिन यह कैसा आधुनिकता का मॉडल है, जहां कर्मचारी फाइलों से ज्यादा छत की चूना-गिरी संभालने में व्यस्त हैं?क्या सरकार इंतजार कर रही है कि छत पूरी तरह ढह जाए और उसके बाद नई इमारत का शिलान्यास धूमधाम से किया जाए? या फिर कर्मचारियों को सलाह दी जाएगी कि वे काम बारिश के मौसम में न करें और केवल सर्दियों में ही कार्यालय खोलें? नए जिले की पहचान क्या होगी—विकास और सुगमता या फिर भीगे दफ्तर और टपकती उम्मीदें? सवाल गहरे हैं, लेकिन जवाब देने वाला कोई नहीं।





### आखिर जिम्मेदार कौन?

नए जिले का दावा, नई व्यवस्थाओं की बात और कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण का वादा—सभी कागजों में ही सिमट कर रह गए हैं। सवाल उठता है कि जब विभागों के लिए इमारतें ही दुरुस्त नहीं हैं, तो योजनाओं पर अमल कैसे होगा? क्या जनता की समस्याओं का समाधान ऐसे भीगे कमरों और टपकती छतों के बीच हो पाएगा?

### बारिश में कैसे करें कार्य?

कर्मचारी अब सवाल उठा रहे हैं कि जब हर बरसात में यही समस्या खड़ी होती है, तो आखिर समाधान कब मिलेगा? क्या अगली बारिश तक भी यही हालात बने रहेंगे? यह हालात केवल एक इमारत का दर्द नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और सरकारी उदासीनता का आईना है। नए जिले की बड़ी उम्मीदों के बीच ये जर्जर दफ्तर सरकार की जवाबदेही पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं।

## खेल भावना से खेलोगे तो जीत पक्की : अविनाश गहलोत



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर वर्द्धमान शिक्षण समिति संचालित भँवरलाल गोठी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 69वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय हैंडबॉल व कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विधायक शंकर सिंह रावत ने की। कार्यक्रम में एडीएम मोहनलाल खटनावलिया, एसपी रतन सिंह राठौड़ सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। मंत्री गहलोत ने खिलाडियों को खेल भावना के साथ मैदान में उतरने की प्रेरणा दी।हैंडबॉल के मुकाबले नाज स्कूल मैदान पर जबकि कुश्ती प्रतियोगिता वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज प्रांगण स्थित खेतपालिया स्किल ऑडिटोरियम में आयोजित हो रही है।

## रीठौली से भगवान नृसिंह जी की द्वितीय पदयात्रा रवाना



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** रीठौली सर्वसमाज की ओर से भगवान नृसिंह जी की दूसरी पदयात्रा शुक्रवार को गांव के नृसिंह मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद आस्था और उत्साह के साथ रवाना हुई। पूर्व सरपंच पप्पूराम धब्जा के नेतृत्व में सैकड़ों महिला-पुरुष और युवा-युवतियां शोभायात्रा के रूप में पदयात्रा में शामिल हुए। डीजे पर बजते धार्मिक गीतों पर नाचते-गाते श्रद्धालुओं का काफिला जयकारों के बीच गढ़ीबांधवा स्थित प्रसिद्ध नृसिंह धाम पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने पदयात्रियों का पुष्पवर्षा और अल्पाहार से स्वागत किया। धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान नृसिंह जी की महाआरती कर पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर देवपाल पटैल, संत रामदास, पूर्व सरपंच पप्पूराम, जगदीश शर्मा, रघुनाथ, राजेंद्र, बबलू मीना, सियाराम, गोविंद सहाय, रमेश, नरेश, डॉ. प्रदीपसिंह सहित सैकड़ों पदयात्री उपस्थित रहे।

## शांतिनाथ भगवान की पालकी शोभायात्रा निकलेगी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** सुप्रकाश ज्योति मंच की ओर से अनंत चतुर्दशी के अवसर पर पूर्ण होने वाले पर्युषण पर्व के उपलक्ष में बुधवार को ध्यानोदय तीर्थ, बालीचा से भगवान शांतिनाथ की भव्य नगरभ्रमण पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुप्रकाश ज्योति मंच के चेयरमैन ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि 6 सितम्बर को प्रातः 7 बजे मुख्य मूलनायक स्वर्ण काया प्रतिमा का विशेष रसो महाअभिषेक, पंचामृत महाशांति धारा और विशेष द्रव्यों से घी एवं धूप के साथ हवन व विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन होगा। इसके पश्चात 1008 कामधेनु शांतिनाथ भगवान की पालकी शोभायात्रा तीर्थ परिसर से आरंभ होगी। उन्होंने बताया कि यह पर्व अनंत कर्मों की निर्जरा का पर्व है। इस अवसर पर सलूम्बर स्थित त्रिमूर्ति स्थल पर 44वें चातुर्मास में विराजित राष्ट्रसंत गुरु माँ सुप्रकाशमति माताजी ने कहा कि पर्युषण पर्व आत्मशुद्धि और गुणों की प्राप्ति का अवसर है। प्रभु की भक्ति उनके गुणों को आत्मसात कर ही की जा सकती है, न कि दिखावे या धूमधाम से। श्रावक उपवास, व्रत और पूजा-भक्ति के नियमों से पुण्य अर्जित करते हैं। जीवन अनिश्चित है, इसलिए क्रोध, झूठ और अहंकार से हुए अपराधों के लिए परिवार और मित्रों से क्षमा मांगकर मन को निर्मल बनाना चाहिए।

## बांस के पौधों की हरियाली देखकर अभिभूत हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को ऋषभदेव उपखंड के निचला मांडवा गांव का दौरा किया। यहां उन्होंने खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा वर्ष 2021 में लगाए गए करीब 5,000 बांस के पौधों का अवलोकन किया। पौधों की समृद्ध वृद्धि और हरियाली देखकर वे अभिभूत हो उठे।

सक्सेना ने कहा कि जिस भूमि पर कभी घास भी उगना मुश्किल था, वहां आज ग्रामीणों के अथक प्रयासों से घना बांस का जंगल तैयार हो गया है। उन्होंने ग्रामवासियों का आभार जताते हुए कहा कि यह प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि ग्रामीण आजीविका के लिए भी एक स्थायी आधार बनेगा।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार गांवों में ही रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से यह प्रोजेक्ट चार वर्ष पूर्व शुरू किया गया था। उस समय वे खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष थे और उनकी अध्यक्षता में ही इस क्षेत्र में पौधारोपण किया गया था। अब उपराज्यपाल बनने के बाद भी उन्होंने इस परियोजना का अवलोकन करने के लिए विशेष रूप से यहां का दौरा किया।

पूर्व सांसद अर्जुन लाल मीणा ने उपराज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि सक्सेना की पहल से यह क्षेत्र हरा-भरा हुआ है।

# अतिवृष्टि से मूंग व मोठ की फसल बर्बाद, किसानों ने मांगा मुआवजा

बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से खरीफ 2025 की मूंग और मोठ की अगेती फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। खेतों में पककर तैयार खड़ी फसल पानी भरने और अत्यधिक नमी के कारण फलियों में ही अंकुरित होकर खराब हो गई। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इसी को लेकर भारतीय किसान संघ ने जिला कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार साहवा को ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग की कि विशेष गिरदावरी और सर्वे करवाकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलवाया जाए। साथ ही लगातार बारिश से गरीब परिवारों के मकान गिरने से हुए नुकसान की भी भरपाई की जाए। किसानों ने बताया कि लगातार बरसात के कारण फसल की कटाई नहीं हो सकी। खेतों में खड़ी फसल सडने और खराब होने की स्थिति में है। ज्ञापन देने के दौरान भारतीय किसान संघ उप तहसील इकाई अध्यक्ष बनवारीलाल गील के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। इस मौके पर पार्षद गिरधारी लम्मानी, एडवोकेट हजारी सैनी, एडवोकेट मुकेश सैनी, रामस्वरूप जोशी, हरिसिंह सहारण, लक्ष्मीनारायण ख्यालिया, ग्राम समिति अध्यक्ष हेतराम लिखाला, पेमाराम जाट, हेमराज आलडिया, रामकुमार सैनी, छगन भार्गव, नवल दुदानी, प्रमोद उपाध्याय, रमेश, महेश, बालचंद ब्यास, विनोद सैनी, कालू सांकरोत सहित अनेक किसान शामिल हुए।




## प्रागपुरा में ईद मिलाद-उन नबी का जश्न, वतन की सलामती और अमन-शांति की दुआएं



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा-पाली नगर पालिका क्षेत्र में शुक्रवार को पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्मोत्सव ईद मिलाद-उन-नबी बड़े धूमधाम और आस्था के साथ मनाया गया। यह पर्व मोहम्मद साहब की शिक्षाओं पर आधारित एकता, अमन और शांति का संदेश देता है। मुख्य बाजार स्थित शाही जामा मस्जिद से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जो सुभाष चौक, कुरेशियान मोहल्ला और लुहारों का मोहल्ला होते हुए इंडोर स्टेडियम स्थित बाबा कबिरूद्दीन शाह की दरगाह तक पहुंचा। महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद जुलूस में शामिल हुए। बारिश के बावजूद लोग सरकार की आमद मरहबा और आका की आमद मरहबा के नारे लगाते हुए उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह फूल बरसाकर जुलूस का स्वागत किया गया। हिंदू समुदाय ने भी स्वागत कर भाईचारे की मिसाल पेश की। जुलूस की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नायब तहसीलदार संजय खेदड़, प्रागपुरा गिरदावर और एसएचओ किरण सिंह यादव भारी पुलिस जाप्ते के साथ मौजूद रहे।

शाही जामा मस्जिद के इमाम मजरूम इस्लाम बरकाती ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब पूरी इंसानियत के लिए रहमत बनकर आए। उन्होंने इंसान को अमन और भाईचारे का संदेश दिया। वक्फ बोर्ड कमेटी के सदर आमीन मंसूरी ने मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईद मिलाद-उन-नबी (बारावफात) इस्लाम धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है। इमरान लुहार ने भी अपने संबोधन में इसे एकता और भाईचारे का प्रतीक बताया।

दरगाह पर पहुंचने के बाद मौलानाओं ने तकरीर की और अमन-चैन के लिए दुआएं मांगीं। गौसिया मस्जिद इमाम मोहम्मद शफीक ने सलात-ओ-सलाम पढ़ाया और बिलाल मस्जिद के पेश इमाम मौलाना जफरूद्दीन ने दुआ करवाई। इस अवसर पर आमीन मंसूरी, अयूब लुहार, समीर लुहार, बाबू खोकर, इमरान लुहार, इकबाल शाह, इदरिस शाह, समशेर शाह, सद्दाम हुसैन, सलमान जिन्द्रान सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

## आशीष मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत भारत विकास परिषद शाखा द्वारा आशीष मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने घर में पड़े अनुपयोगी सामानों से अनेक आकर्षक व उपयोगी आइटम तैयार कर अपनी सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कृष्णा गुप्ता ने प्रथम, त्रिशला शर्मा ने द्वितीय और आर्धाया तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती मंजू गुप्ता (एलआईसी) के सौजन्य से पुरस्कृत किया गया, वहीं अन्य सभी प्रतिभागियों को परिषद सदस्य श्रीमती मिथिलेश गुप्ता की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए।



## भौमिया बाबा मंदिर में आज विशाल जागरण व भंडारा

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र के ढाणी बागडाला स्थित भौमिया बाबा मंदिर में आज शनिवार, 6 सितंबर को विशाल जागरण और भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम में लोकप्रिय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें छैला सोनू मारवाड़ी, डांसर संगीता यादव, नीशा सैनी और सरिता चौधरी शामिल हैं। इसके अलावा गायक हरीराम माहसी (जयसिंपुरा) और सोहनी यादव (नीमकाथाना) अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को भक्ति रस से सराबोर करेंगे।

## यात्रियों को मिलेगी सुरक्षा, सस्ती यात्रा और एक ही प्लेटफार्म पर विविध सुविधाएं

# बीकानेर में अडास कैब के मुख्य कार्यालय का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**बीकानेर/खाजूवाला (दलीप नोखवाल)।** अडास कैब के मुख्य कार्यालय का उद्घाटन बीकानेर में धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर अडास कैब के डायरेक्टर राकेश कस्वां ने बताया कि एडवांस ड्राइवर एसोसिएट सिस्टम कैब यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। यह स्थानीय जरूरतों के अनुरूप है और यात्रियों को सस्ता व सुरक्षित साधन उपलब्ध कराएगी।

उन्होंने बताया कि अडास कैब प्लेटफार्म पर पर्सनल यात्रा, पार्सल सेवा, माल वाहक, कपड़े धोने जैसी दैनिक जीवन की कई सुविधाएं उपभोक्ताओं को घर के दरवाजे पर ही उपलब्ध कराई जाएंगी। कस्वां ने कहा कि आने वाले समय में इस प्लेटफार्म को और भी बेहतर बनाया जाएगा। राकेश कस्वां ने कहा कि अडास कैब एक निःशुल्क राइडर प्लेटफार्म है, जिससे यात्रियों को किफायती सेवाएं मिलेंगी। साथ ही यह युवाओं, बेरोजगारों और पार्ट-टाइम नौकरी की तलाश करने वालों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति अडास कैब से जुडक़र आय अर्जित कर सकता है। कार्यालय उद्घाटन से पूर्व संतोषानंद महाराज ने पाठ-पूजा कर कंपनी की उन्नति और सफलता के लिए भगवान से आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर अडास कैब के डायरेक्टर राकेश कस्वां के साथ भाजपा नेता रवि शेखर मेघवाल, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, महापौर प्रतिनिधि गुमान सिंह राजपुरोहित, युवा कांग्रेस के पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष तोलाराम सियाग, पूर्व प्रधान नोखा भंवरलाल गोरक्षिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जसराज सीवर एवं वेदव्यास, डॉ. किशनलाल मेघवाल, खाजूवाला पालिका अध्यक्ष अशोक फौजी, उप चेयरमैन कविता राजपुरोहित, भाजपा प्रदेश सदस्य जगविंदर सिंह सिद्धू, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं प्रतिनिधि, भाजपा जिला मंत्री भोजराज मेघवाल, वरिष्ठ नेता मोती सिंह राठौड़, समाजसेवी विनोद डारा, मीडिया प्रभारी चैन सिंह राजपुरोहित, जिला परिषद सदस्य जितेंद्र कस्वां सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## इंदौर की धनिष्का दीक्षित के नाम विश्व रिकॉर्ड

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर(का.स.)।** भारत की समृद्ध परंपरा और अद्भुत प्रतिभा का गौरवशाली उदाहरण इंदौर के डॉ. चेतना एवं एडवोकेट तनुज दीक्षित की तीन वर्षीय सुपुत्री धनिष्का ने प्रस्तुत किया है। अपने जन्मदिन पर धनिष्का दीक्षित तीन वर्ष की आयु पूर्ण करने के साथ में ही, दो मिनट से भी कम समय में ग्यारह से अधिक वैदिक मंत्रों का शुद्ध उच्चारण कर पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि इंदौर शहर, प्रदेश और पूरे देश के लिए बेहद गर्व का विषय है। इस असाधारण प्रतिभा को मान्यता देते हुए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन ने धनिष्का दीक्षित का नाम विश्व रिकॉर्ड हेतु आधिकारिक रूप से शामिल किया है।

शीघ्र ही एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धनिष्का को औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। यह उल्लेखनीय है कि पूर्व में धनिष्का के दादा विजय दीक्षित भी वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स यूके में अपना नाम दर्ज करवा चुके हैं। इस प्रकार यह उपलब्धि परिवार की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाती है।

## आभावास से समोद वाले बालाजीके लिए 21वीं विशाल पैदल यात्रा रवाना हुई

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** ग्राम पंचायत तन ढाणी अहीरों वाली आभावास में स्थित माल्या वाला वीर हनुमान मंदिर से समोद वाले बालाजीके लिए 21वीं विशाल पैदल यात्रा बालाजी महाराज की झांकी सजाकर रवाना हुई। बालाजी महाराज की ध्वज की विशेष पूजा अर्चना करने के बाद बालाजी की जय घोष के साथ डीजे के साथपैदल यात्रा रवाना हुई। प्रकाश यादव ने बताया कि आसपास के ग्राम में इलाकों पुरुष महिलाएं बच्चे आदि पैदल यात्रा में शामिल हुई।

## नकबजन को पुलिस ने धर-दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर नकबजन को धर-दबोचा है और उसके पास से नकबजनी के दौरान चुराई गई दो एलईडी भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार चुराई गई एलईडी की बाजार कीमत दो लाख रुपये आंकी है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर ( उत्तर ) करन शर्मा ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर नकबजन शुभम गंगवाल निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराई गई दो लाख रुपये कीमत की दो एलईडी भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशा करने का आदि है जो नशे की लत को पूरा करने के लिए सूने मकान और स्कूल सहित अन्य जगहों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते है। आरोपित ने अपने दो साथी मोटी सिंह और गोपी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। पुलिस अन्य दो साथियों की तलाश कर ही है और वहीं पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा-2024 के तहत 7 सितंबर को आयोजित होने वाली परीक्षा हेतु जयपुर जिला मुख्यालय के एक परीक्षा केंद्र में संशोधन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 अंतर्गत 7 सितंबर को प्रातः 10 से 12 बजे तक एवं दोपहर 3 से सायं 5.30 बजे तक आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं हेतु जयपुर जिला मुख्यालय स्थित एक परीक्षा केंद्र में संशोधन किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि रोल नंबर सीरीज 1959591 से 1959998 तक के अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र परिवर्तित करते हुए (16-0847), श्री बालाजी शिक्षा मंदिर सीनियर सेकंडरी स्कूल, पीली की तलाई, आमेर, जयपुर पिन कोड- 302028 किया गया है। पूर्व में इन अभ्यर्थियों को (16-0842) सन्फलोवर एकेडमी, नांगल मोड़, कुंडा, आमेर, जयपुर पिन कोड- 302028 परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया था। अतः संबंधित परीक्षार्थी नवीन प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होवें।

## कोपेनहेगन में अंतरराष्ट्रीय नेत्र चिकित्सा सम्मेलन में हिस्सा लेंगे डॉ. एल.एस. झाला

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** अलख नयन मंदिर के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एल.एस. झाला डेनमार्क के कोपेनहेगन में 12 से 16 सितम्बर तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय यूरोपियन सोसायटी ऑफ कैटरैक्ट एंड रिफ्रेक्टिव सर्जरी के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। अलख नयन मंदिर की निदेशक लक्ष्मी झाला ने बताया कि डॉ. झाला इस अवसर पर दक्षिण राजस्थान में अंधता की रोकथाम, नेत्र ऑपरेशनों में आ रही नवीन तकनीकों और अनुसंधान पर आधारित अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। डॉ. झाला ने कहा कि इस वैश्विक सम्मेलन में विश्वभर से लगभग 8 से 10 हजार नेत्र विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। वे मोतियाबिंद के आधुनिक ऑपरेशन में प्रयुक्त होने वाली उन्नत मशीनों और नेत्र रोगों की जटिलताओं को दूर करने के लिए किए जा रहे नवीन अनुसंधानों पर विचार-विमर्श करेंगे।

## डाइट मसूदा में पीएम श्री विद्यालयों की वार्षिक योजना एवं क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण सम्पन्न

**ब्यावर, (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) मसूदा में पीएम श्री विद्यालयों की वार्षिक योजना एवं क्रियान्वयन हेतु संस्था प्रधान एवं हेड टीचरों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। उप प्राचार्य डॉ. गोरधन लाल मीणा ने कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मॉडल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

### संभागीय आयुक्त पूनम एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी रहे उपस्थित

# अतिरिक्त मुख्य सचिव ने किया वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सुशासन एवं संवेदनशील प्रशासन की परिकल्पना के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विगत दिनों हुई भारी वर्षा से प्रभावित उपखण्ड क्षेत्र चाकसू की तहसील कोटखावदा का आज अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनंद कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ संभागीय आयुक्त जयपुर श्रीमती पूनम, जिला कलक्टर जयपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 01 से 04 सितम्बर 2025 तक तहसील चाकसू में 46 मिमी एवं तहसील कोटखावदा में 340 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जिसके चलते क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इनमें चाकसू-दौसा स्टेट हाईवे पर ग्राम पंचायत छांदेल कला में ढूंढ नदी पर हाई लेवल ब्रिज निर्माण का सुझाव, ग्राम पंचायत झांपदा कला में अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सडक़ों की शीघ्र मरम्मत एवं स्थाई समाधान हेतु ग्राम पंचायत और सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश, उपखण्ड क्षेत्र के सभी जलाशयों एवं बड़े बांधों की नियमित देखरेख एवं सतत निगरानी हेतु जल संसाधन विभाग को निर्देश, झांपदा कला के खेल मैदान की क्षतिग्रस्त दीवार को दुरुस्त कराने के निर्देश तथा कोटखावदा कस्बे में जलभराव की शीघ्र निकासी के लिए पंचायत राज विभाग को निर्देश शामिल रहे।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के सुशासन विजन के अनुरूप विभागीय समन्वय और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रभावित आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को राहत एवं सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर गति देने के निर्देश भी प्रदान किए।

### हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बताए तरीके कार को अपनाने का आह्वान

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में उमड़े अकीदतमंद



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हजरत मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम के 1500वें जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और सांप्रदायिक सौहार्द, सद्भाव व एकता का संदेश देते हुए शांतिपूर्वक कतारबद्ध चलते रहे। वाहिद मेमोरियल वेलफेयर एंड रिलीफ सोसायटी की ओर से राजधानी जयपुर में निकाले गए इस जुलूस में शहर के विभिन्न क्षेत्रों तथा आसपास के इलाकों से लोग जुलूस बनाकर रवाना हुए और कर्बला पहुंचे। शहर का मुख्य जुलूस सुन्नी दावते इस्लामी के निगरां हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद कादरी साहब की सदारत व मौलाना इरफान बरकाती की निगरानी में पहाडग़ंज से रवाना हुआ। वहीं जयपुर शहर मुफ्ती अब्दुल सत्तार साहब की सरपरस्ती में घाट गेट से रवाना होकर रामगंज चौपड़ होते हुए चार दरवाजा सर्किल पर पहुंचा, जहां सभा हुई। जिसे विभिन्न इस्लामी विद्वानों ने संबोधित किया। इसके बाद जुलूस सुभाष चौक होते हुए जोरावर सिंह गेट, रामगढ़ मोड़, आमेर रोड से गुजरते हुए मैदान ए कर्बला पहुंचकर महासभा में परिवर्तित हो गया।

## राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में वरिष्ठ अध्यापिका पिंकी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** मानव जन जागृति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 2025 में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेशभर के 51 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सौदागर कांदेला ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन लेखिका, उद्यमी एवं समाजसेविका डॉ. सुनीता दामिनी गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा सचिव जयपुर सुबीर गुप्ता (वरिष्ठ आईएएस अधिकारी), विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक चोंमू रामलाल शर्मा, सहायक अभियंता व सामूहिक विवाह समिति रींगस अध्यक्ष अनिल कुमार काला रहे।

अध्यक्षता कर रही डॉ. सुनीता गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज का आईना है, जो समाज की दशा और दिशा बदलने का कार्य करता है। मुख्य अतिथि सुबीर गुप्ता ने कहा कि समाज व्यवस्था में परिवर्तन लाने में शिक्षकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक ही ऐसा व्यक्तित्व है जो सर्व समाज को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। यदि मुझे दूसरा जन्म मिले तो मैं शिक्षक बनना चाहूंगा। इस अवसर पर रामलाल शर्मा ने कहा कि मानव जन जागृति संस्थान एक ऐसी संस्था है, जो सामाजिक समानता की बात करती है और समाज में भेदभाव मिटाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सौदागर कांदेला ने सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

## डिजिटल युग में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा : शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू(गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** कट्स इंटरनेशनल एवं एशिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में भावी निर्माण सोसाइटी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को चाकसू में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। शीतला माता स्थित सिकोईकोड़ीकोन सभागार परिसर में कार्यशाला की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के अंतर्गत पंजीकृत तथा लघु उद्योग से जुड़ी लगभग 80 महिला-पुरुष प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें से कई महिलाएं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मसाले बनाना, चमड़े की जूतियाँ, बैग, बेल्ट तैयार करना, खजूर के पत्तों से पंखे, झाड़ू, टोकरियाँ आदि हस्तशिल्प का कार्य करती हैं। कार्यक्रम की संयोजक हेमा शर्मा (कट्स इंटरनेशनल) ने साइबर ठगी से जुड़ी घटनाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाते हुए बताया कि ऑनलाइन कॉल या मैसेज प्राप्त होने पर सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल के झांसे में न आकर सुरक्षित ऑनलाइन लेनदेन करना चाहिए।

इस मौके पर संस्था सचिव गिरिराज प्रसाद शर्मा ने साइबर ठगी से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी और कहा कि डिजिटल युग में सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

## यूपी के 3 अव्वल दर्जे के नकबजन आए पुलिस गिरफ्त में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यूपी के अव्वल दर्जे के तीन नकबजनो को पकडा है और उनके पास से एक लाख रुपये की नकदी,दो मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त नकब जब्त किया गया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक यूपी गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर है तो दो अन्य खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित मारपीट के कई मामले दर्ज है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यूपी के अव्वल दर्जे के नकबजन कुमार पाल उर्फ केपी उर्फ कुंवर ,अमित जाट और नरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है और सभी आरोपी हाथरस (उत्तर प्रदेश )के रहने वाले है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित केपी थाना हाथरस का हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर एक्ट में जेल जा चुका है और वर्तमान में जमानत पर बाहर था। इसके अलावा नरेन्द्र उर्फ हेकडा हत्या के मामले में सजा काट चुका है और आर्म्स एक्ट और मारपीट के कई मामलों में जेल जा चुका है।

## 7 सितम्बर को होगा राष्ट्रीय सेक्सुअल हेल्थ सेमिनार देशभर से जुटेंगे 500 से अधिक यूनानी चिकित्सक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** विश्व यौन स्वास्थ्य दिवस हर साल 4 सितम्बर को मनाया जाता है। इसी कड़ी में ्रद्धञ्जष्ट राजस्थान स्टेट संस्था की ओर से 7 सितम्बर 2025, रविवार को जयपुर के होटल ्रहम्प्श क्कड्डद्यड्डष्द्ग में एक दिवसीय राष्ट्रीय यौन स्वास्थ्य सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य आमजन, चिकित्सकों और छात्रों को यौन स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराना है।सेमिनार के कन्वीनर प्रो. गुलाम कुतुब चिश्ती ने बताया कि यह आयोजन पूरे यौन स्वास्थ्य जागरूकता माह के तहत किया जा रहा है, जिसमें देशभर से 500 से अधिक यूनानी डॉक्टर्स हिस्सा लेंगे। सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे प्रो. मोहम्मद मजाहिर आलम, अध्यक्ष, ह्यष्टद्वस्नू, नई दिल्ली डॉ. सैयद अहमद खान, सेक्रेटरी जनरल, ्रद्धञ्जष्ट, नई दिल्ली सम्मानित अतिथियों में शामिल हैं डॉ. सुनील शर्मा, चेयरमैन, सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी, जयपुर प्रो. राजेश भारद्वाज, ह्रस्ष्ठ, उप मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार डॉ. परवेज अख्तर, सेक्रेटरी, राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज, जयपुर जनाब जाकिर खान गुडएज, सेक्रेटरी, राजपुताना यूनानी मेडिकल कॉलेज डॉ. मतीउल्लाह मजीद, डायरेक्टर, मक़्स रेमेडीज यौन स्वास्थ्य पर खुलकर होगी बात सेमिनार के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सैयद अब्दुल मुजीब ने बताया कि इस आयोजन का मकसद समाज में यौन स्वास्थ्य को लेकर व्याप्त झिझक और सामाजिक कुरीतियों को तोडऩा है।

# काईरो थैरेपी या काईरो प्रैक्टिक सदियों से यूनानी हिकमत का बड़ा हिस्सा रहा हैं

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** काइरोप्रैक्टिक थैरेपी—काईरो प्रैक्टिक एक ऐसा समायोजन जिसमें प्रशिक्षित विशेषज्ञ, जिन्हें काइरोप्रैक्टर्स कहते हैं जो अपने हाथों या किसी छोटे उपकरण के उपयोग से रीढ़ की हड्डी के जोड़ पर नियंत्रित बल लगाते हैं इस प्रक्रिया को स्पाइनल मैनिपुलेशन भी कहते है ।इसका मक़सद रीढ़ की हड्डी की गति , शरीर के हड्डी के जोड़ों और शरीर की गति करने की क्षमता में सुधार करना है। गाँवों में पुराने समय में इन हकीमों को 'हाड हकीम' या ' हाड़-पहलवान' भी कहते थे जो हड्डियों की मोच निकालने का काम किया करते थे उसी को आधुनिक समय में 'कायरो प्रैक्टिस' कहते हैं । यह हड्डियों को स्वस्थ रखने वाली प्रणाली है जो शरीर के जोड़ों को प्राकृतिक उपचार पर जोर देती है, खासकर रीढ़ की हड्डी और मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम (मांसपेशियों, हड्डियों और जोड़ों) व्यवस्थित रखने में मदद करती है। हकीम या यूनानी चिकित्सक इसमें काइरोप्रैक्टिशनर का कार्य करते है । इस थैरेपी से रीढ़ की हड्डी और शरीर के अन्य हिस्सों में समायोजन (मैनुअल थेरेपी) करते हैं, जिससे जोड़ों को सही जगह बैठाने, दर्द कम करने ,जोड़ों की गतिशीलता में सुधार किया जा सके और शरीर की प्राकृतिक कार्यप्रणाली को बढ़ावा दिया जा सके ।

### काइरोप्रैक्टिक उपचार में आमतौर पर निम्न को शामिल हैं

- मैनुअल थेरेपी—रीढ़ की हड्डी और जोड़ों में हेरफेर करना, जिसे स्पाइनल मैनिपुलेशन कहा जाता है ।
- एक्सरसाइज—रोगी को घर पर ही विशिष्ट व्यायाम के सुझाव दिये जाते हैं ।
- पोषण संबंधी परामर्श—इसमें पोषण और सप्लीमेंट्स के बारे में सलाह दी जाती हैं ।
- अन्य उपचार—अन्य उपचारों में जैसे कि गर्म और बर्फ, विश्राम तकनीक, या इलेक्ट्रोथेरेपी का भी उपयोग किया जाता हैं ।
- ज़रूरत पर हर्बल दवाइयां दी जाती हैं ।

**परिणाम**



- . कमर दर्द कम हो जाता हैं।
- शोध से पता चलता है कि रीढ़ की हड्डी में ऐसे हेरफेर से कुछ प्रकार के पीठ के निचले हिस्से के दर्द के इलाज में कारगर साबित होता है।
- कुछ अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि काइरोप्रैक्टिक समायोजन सिरदर्द और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी अन्य स्थितियों, जैसे गर्दन के दर्द, के लिए कारगर हो सकता है।
- काइरोप्रैक्टिक समायोजन हर किसी पर असर नहीं करता।
- अगर कुछ हफ़्तों के उपचार के बाद भी लक्षणों में सुधार नहीं होता है, तो शायद यह उस मरीज़ के लिए यह इलाज उपयुक्त न हो।

डॉ लियाक़त अली मंसूरी
( यूनानी चिकित्सक एवं हिजामा , थैरेपी स्पेशियलिस्ट )
सवाई मानसिंह अस्पताल
जयपुर (राज.)

## सम्पादकीय

# डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर क्यों है भारत? क्या मोदी-ट्रंप की दोस्ती का वक्त पूरा हो गया है?

डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के साथ ही वैश्विक कूटनीति एक बार फिर अस्थिरता और एकतरफावाद की ओर बढ़ रही है। और इस बार ट्रंप का सीधा निशाना भारत है— एक ऐसा देश जिसे उन्होंने कभी सच्चा दोस्त और शानदार लोकतंत्र कहा था।

2025 में ट्रंप के फिर से राष्ट्रपति बनने के कुछ महीनों के भीतर ही उन्होंने भारत से अमेरिका आने वाले सभी उत्पादों पर 25प्रतिशत टैरिफ़ लागू करने का आदेश दिया है। यह कदम सिर्फ व्यापारिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक तौर पर भी एक झटका है — ख़ासकर उस दोस्ती की पृष्ठभूमि में जो कभी हाउडी मोदी और नमस्ते ट्रंप जैसे आयोजनों में सार्वजनिक हुई थी। लेकिन क्या यह टैरिफ़ युद्ध सिर्फ व्यापारिक असहमति है, या इसके पीछे कुछ और गहरी परतें छिपी हैं?

ट्रंप के टैरिफ़ आदेश को कई वैश्विक विश्लेषक व्यापारिक जबरदस्ती कह रहे हैं। उन्होंने भारत की गैरबराबरी वाली व्यापार नीतियों को घृणित बताते हुए रूस से भारत के रिश्तों पर भी तीखी आलोचना की।

हैरानी की बात यह है कि भारत और अमेरिका के बीच 2024 के अंत तक लगभग 195 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ, जो ऐतिहासिक उच्चतम था। फिर भी ट्रंप भारत को ट्रेड अब्यूज़र कह रहे हैं। ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन के वरिष्ठ फैलो टॉम राइट के अनुसार,ट्रंप की विदेश नीति संस्थानों और ऐतिहासिक साझेदारियों को कमजोर करती है। वो रिश्तों को सौदेबाज़ी की तरह देखते हैं— पैसा दो, समर्थन लो। भारत के साथ उनका व्यवहार अब वैसा ही हो गया है, जैसा उन्होंने चीन या नाटो देशों के साथ किया था।

ट्रंप का बयान मुझे फर्क नहीं पड़ता कि रूस और भारत अपनी डेड इकोनॉमी को कैसे संभालते हैं न सिफऱ्. भारत की आर्थिक स्थिति पर सीधा हमला है, बल्कि भारत की वैश्विक छवि को भी चोट पहुंचाता है। गौरतलब है कि द्बरूस्न और विश्व बैंक के अनुमान के मुताबिक, भारत 2025 में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में डेड इकोनॉमी जैसा बयान तर्क-संगत नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से अपमानजनक माना जा रहा है।

पुलित्जर पुरस्कार विजेता पत्रकार डेविड के जॉनसन, जिन्होंने ट्रंप की आर्थिक नीतियों पर किताब लिखी है, मानते हैं कि ट्रंप अक्सर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं। उनका बयान भारत को झुकाने की कूटनीतिक चाल है— विशेषकर तब जब भारत रूस से तेल और हथियार खरीदता रहे। भारत-रूस के रक्षा संबंध दशकों पुराने हैं। स्-400 मिसाइल डील, सुखोई, ्यं-203 राइफल उत्पादन — ये सब भारत की रक्षा नीति के केंद्र में रहे हैं। अमेरिका इस पर लंबे समय से असहज रहा है, लेकिन ट्रंप के बयान ने इस बेचैनी को खुले में ला दिया है।

2019-20 के भव्य आयोजनों में जब मोदी और ट्रंप ने एक-दूसरे को ट्रू फ्रेंड कहा था, तब दुनिया को उम्मीद थी कि भारत-अमेरिका रिश्तों का नया दौर शुरू हो रहा है। लेकिन ट्रंप की वापसी के साथ यह दोस्ती ट्रांजैक्शनल रिलेशनशिप बनती दिख रही है।

ट्रंप का यह दावा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोका, भारत की विदेश नीति के मूलभूत सिद्धांतों को चुनौती देता है। भारत हमेशा से तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को खारिज करता रहा है। ट्रंप का इसी दौरान पाकिस्तान के साथ तेल भंडारण समझौता करना, जबकि भारत पर टैरिफ़ थोपना यह संदेश देता है कि ट्रंप काउंटरबैलेंस की रणनीति खेल रहे हैं। पर क्या यह रणनीति अमेरिका के हित में है?

---

शिक्षक दिवस पर राजस्थान सरकार की अभिनव अभिव्यक्ति

# शिक्षकों की नियुक्ति, सम्मान और शिक्षित राजस्थान अभियान का उज्ज्वल संकल्प



डॉ नयन प्रकाश गांधी

प्रदेश में अठारह हजार से अधिक शिक्षकों के पदों के लिए नये विज्ञापन जारी हुए हैं, इक्कीस हजार से अधिक नियुक्तियाँ दी जा चुकी हैं और तैंतीस हजार से अधिक कार्मिकों को पदोन्नति का लाभ मिला है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा विभाग द्वारा शीघ्र ही और भी कई भर्ती प्रक्रियाएँ प्रस्तावित हैं, जिनमें माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग के विभिन्न स्कूलों में रिक्त पदों पर नये शिक्षकों की नियुक्ति की संभावना जताई जा रही है। आगामी महीनों में प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा हजारों शिक्षकों की और नियुक्तियों के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की सूचनाएँ मिल रही हैं।




राजस्थान में शिक्षक दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह सिर्फ एक औपचारिक कार्यक्रम भर नहीं, बल्कि प्रदेश के शिक्षा जगत में सकारात्मक क्रांति का प्रतीक बन गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विगत कुछ वर्षों में शिक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख, अभूतपूर्व सुधार एवं विस्तार की नींव रखी है। इस बार समारोह में जिस ऊर्जा और विजन का संचार हुआ, वह सरकार की गंभीरता एवं दूरदर्शिता को दर्शाता है।

प्रदेश में अठारह हजार से अधिक शिक्षकों के पदों के लिए नये विज्ञापन जारी हुए हैं, इक्कीस हजार से अधिक नियुक्तियाँ दी जा चुकी हैं और तैंतीस हजार से अधिक कार्मिकों को पदोन्नति का लाभ मिला है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा विभाग द्वारा शीघ्र ही और भी कई भर्ती प्रक्रियाएँ प्रस्तावित हैं, जिनमें माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग के विभिन्न स्कूलों में रिक्त पदों पर नये शिक्षकों की नियुक्ति की संभावना जताई जा रही है। आगामी महीनों में प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा हजारों शिक्षकों की और नियुक्तियों के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होने की सूचनाएँ मिल रही हैं, जिससे प्रदेश के युवाओं को शिक्षण क्षेत्र में रोजगार के और अधिक अवसर प्राप्त होंगे।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिक्षा को राजनीतिक नारों से ऊपर उठाकर भविष्य निर्माण का सामाजिक अभियान बना दिया है। शिक्षा क्षेत्र के बजट में बढ़ोतरी, डिजिटल क्लासरूम, निःशुल्क टैबलेट व इंटरनेट कनेक्शन और ई-पाठशाला जैसे नवाचारों ने सरकारी स्कूलों को प्रतिस्पर्धी बना दिया है। श्री शर्मा का यह संकल्प कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और हर शिक्षक का सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक सम्मान अक्षुण्ण रहे, समस्त शिक्षक समुदाय के लिए प्रेरणा स्रोत है।

वहीं, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने राज्य के तकनीकी शिक्षण संस्थानों में एआई, रोबोटिक्स जैसे अत्याधुनिक विषयों को प्रारंभ कर प्रदेश को भविष्य की दिशा में अग्रसर किया है। उनका यह विचार कि शिक्षा केवल रोजगार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण का आधार है एवं नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। उनकी कार्यशैली और समन्वयात्मक दृष्टिकोण के कारण युवाओं को कौशल विकास और सशक्तीकरण के अनेक अवसर मिले हैं।प्राथमिक शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने विभाग में नवाचार की लहर दौड़ा दी है। उनके प्रयासों से सरकारी विद्यालयों में परीक्षा परिणामों की गुणवत्ता अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है। शैक्षिक सर्वेक्षण में राजस्थान राज्य को 11वें से तीसरे स्थान तक पहुचाने का श्रेय उनकी नीतिगत योजनाओं और विभागीय क्रियान्वयन को जाता है।

श्री दिलावर ने हरियालो राजस्थान अभियान और शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण को जोडक़र स्कूली शिक्षा में जागरूकता लाने का सराहनीय कार्य किया है। शिक्षक दिवस विशेषांक, सम्मान पुस्तिका, 'प्रखर राजस्थान 2.0' अभियान का पोस्टर विमोचन और स्टेट ओपन स्कूल की ऑन डिमांड परीक्षा जैसी परियोजनाएँ राज्य सरकार की प्रतिबद्धता और नवाचार पर केंद्रित दृष्टिकोण का सशक्त प्रमाण हैं।राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्ति, गार्गी पुरस्कार, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, कालीबाई और देवनारायण स्कूटी वितरण योजनाओं एवं डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म्स के माध्यम से विद्यार्थियों और छात्राओं को नवपरिवर्तन का संबल मिला है। तीन लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, 1.70 लाख को युवा संबल योजना में स्वीकृति, तकनीकी शिक्षा संस्थानों में रोजगार केंद्रित पाठ्यक्रम और राइजिंग राजस्थान अभियान ने शिक्षा को उद्योग, रोजगार और नवाचार से जोड़ा है। साथ ही, मुख्यमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्र-राज्य सहयोग ने अंतिम पंक्ति तक लाभ पहुंचाने की नीति को मजबूत किया है।यह सम्पूर्ण प्रयास निस्संदेह राजस्थान को शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पटल पर अग्रणी भूमिका दिलाता है। सरकार ने न केवल नियुक्तियों व पदोन्नतियों में पारदर्शिता का उदाहरण प्रस्तुत किया, बल्कि शिक्षकों के सम्मान और पेशेवर विकास को प्रशासनिक प्राथमिकता भी दी है।

प्रदेश के शिक्षक समुदाय, विद्यार्थी, नीति निर्माता और अभिभावक अब शिक्षित राजस्थान के इस उज्ज्वल सपने को साकार करने के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और प्राथमिक शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर जैसे समर्पित नेतृत्व की सराहना की जाए तो कम होगी, जिन्होंने शिक्षा को नये आयाम और उच्चतम सम्मान दिलाया है। यही श्रेष्ठ समर्पण राजस्थान को 'शिक्षक सम्मान से शिक्षित राजस्थान' अभियान की बुलंदी तक ले जा रहा है, जिसमें शिक्षा, नवाचार, नियुक्ति व सम्मान की त्रिवेणी से राज्य का भविष्य स्वर्णिम बन रहा है।


---

## आज का इतिहास

- 6 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ
- 1776 - ग्वाडेलोप द्वीप में तूफान से छह हजार से अधिक लोगों की मौत।
- 1869 - पेंसिल्वेनिया के अवोंदेल में एक खदान में आग लगने से 110 लोग मरे।
- 1905 - अटलांटा जीवन बीमा कंपनी की शुरुआत हुई।
- 1914 - फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध प्रारम्भ।
- 1924 - इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी की हत्या का प्रयास विफल।
- 1939 - दक्षिण अफ्रीका ने नाजी जर्मनी पर युद्ध की घोषणा की।
- 1948 - जुलियाना नीदरलैंड की महारानी बनीं।
- 1952 - कनाडा टी.वी. की मॉन्ट्रियल में शुरुआत।
- 1965- ताशकन्द समझौता (भारत-पाकिस्तान युद्ध) हुआ।
- 1968 - अफ्रीकी देश स्वाजीलैंड को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- 1986 - इस्तांबुल में यहूदी उपासना गृह में हमले में 23 लोग मारे गए।
- 1998 - जापान के फ़िल्म निर्माता और निर्देशक 'अकिरा कुरोसावा' का निधन।
- 2000 - संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान द्वारा संयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दि शिखर सम्मेलन का शुभारम्भ।
- 2003 - फ़िलिस्तीन के प्रधानमंत्री महमूद अब्बास का इस्तीफ़ा।
- 2006 - मैक्सिको के सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी के फ़ेलिप काल्देरोन नये राष्ट्रपति मनोनीत किये गए।
- 2007 - ब्रिटेन की 'द ह्मन फ़र्टिलाइजेशन एंड एम्ब्रियोलॉजी अथॉरिटी' ने मानव पशु संकर भ्रूण पर शोध करने के लिए सिद्धान्त रूप से अनुमति दी।

---

# बहता पंजाब लेकिन मजबूत पंजाब



रूपक शर्मा
संपादकीय प्रभारी,अलवर संस्करण

मित्रों कहा जाता है पूरे भारत वर्ष में यदि कोई प्रांत स्वर्ग जैसी आबोहवा का है, खुशहाली का है और भावनाओं का है तो वह है पंजाब। लेकिन लगातार भयानक बारिश के कारण आजकल पंजाब के हाल बेहाल हो रखे हैं लेकिन ऐसे में पूरे देश के हर प्रांत की मदद करने वाला, धर्म की रक्षा में सबसे आगे रहना वाला पंजाब आज खुद परेशान सा चल रहा है। लगातार कई दिनों तक जिन्दगी और मौत के बीच जूझने वाले पंजाब के सिख सच में सौ के बराबर हैं गुरू नानक देव के जीवन दर्शन को भली प्रकार समझने व उनके बताए मार्ग पर चलने वाले पंजाब के लोग इस संकट से उभर जाऐंगे क्योंकि वे पुरूषार्थ जानते हैं कि जो बाढ़ में बह गया उसका रोना ना रोकर अब जीवन को नए सिरे से शुरू करेंगे। बाढ़ ने कई गाँवों को अपनी चपेट में ले लिया है सैकड़ों लोगों और हजारों पशुओं के मरने की खबर है। हालांकि एक सप्ताह तक सोशल मीडिया पर बाढ की तस्वीरें प्रसारित और महिलाओं व बच्चों के हाल बेहाल की तस्वीरे देख आज पूरा देश हर प्रान्त पंजाब की मदद करने का प्रयास कर रहा है। ये अनेकता में एकता का परिचायक भी बन गया है। सच में ये समय है ऐसे लोगों के हाथ थामने का जो मुसिबत में सबका हाथ थामने को तत्पर और तैयार रहते हैं।

---

मनोज कुमार अग्रवाल

# शिक्षा बनाम दीक्षा: चरित्र की कसौटी पर शिक्षक

भारतीय समाज में शिक्षक को गुरु का दर्जा प्राप्त है। हमारे समाज में शिक्षक और गुरु दोनों ही सम्मान और प्रतिष्ठा के पद हैं। आज हम किसी भी उच्च पद पर पहुंच पाए उसमें शिक्षकों के योगदान व परिश्रम को भुलाया नहीं जा सकता है। लेकिन समय के साथ साथ शिक्षक के पवित्र पेशे में भी ऐसे व्यक्तियों का प्रवेश हो गया है जो अपने कारनामों से आए दिन शिक्षक की साख पर बट्टा लगा रहे हैं। कुछ समय पहले राजस्थान के जालौर जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। यहां निजी स्कूल के टीचर ने तीसरी कक्षा के दलित छात्र को मटके से पानी पीने पर इतनी बुरी तरह से पीटा कि उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले लिया गया था। इस घटना की गूंज कई दशकों तक शिक्षकों के चरित्र और व्यवहार पर सवालिया निशान लगाती रहेगी। यह सिर्फ इकलौता मामला नहीं है। आज के दौर में बहुत से शिक्षक, शिक्षक के नाम को कलंकित कर रहे हैं। यह लोग छात्र छात्राओं के साथ अमर्यादित व्यवहार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्हें गलत संस्कार दे रहे हैं, यहाँ तक कि कई मामले ऐसे भी सामने आए हैं कि यह लोग छात्र छात्राओं के साथ अनैतिक संबंध भी बना लेते हैं।

हाल ही में मेरठ(उत्तर प्रदेश)के सुपरटेक ग्रीन विलेज में ट्यूशन टीचर ने कक्षा 12 की छात्रा को कोल्ड ड्रिंक पिलाकर दुष्कर्म किया। उसके बाद अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर दो साल तक संबंध बनाए गए। ट्यूशन छोडऩे के बाद ही पीडि़ता ने परिवार को मामले की जानकारी दी। पीडि़ता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित ट्यूशन टीचर को गिरफ्तार कर लिया है। त्तर प्रदेश के ही बलिया में एक नाबालिग दसवीं की छात्रा के साथ ट्यूशन टीचर ने रेप किया है। छात्रा को बलिया से बस्ती ले जाकर वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया है।

अभी 24 अगस्त को झालावाड़ जिले के सुनेल में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में कार्यरत शिक्षक की पिटाई का वीडियो सामने आया है। लोगों ने स्कूल में घुसकर शिक्षक को लात-घूसों से पीटा। आरोप है कि शिक्षक शाहरुख ने एक छात्रा के घर में घुसकर रेप करने की कोशिश की। हंगामे के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू की। बाद में आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया। शिक्षक सवाई माधोपुर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया है। इसके बाद शिक्षा विभाग ने भी टीचर को सस्पेंड कर दिया। हाल ही मे देहरादून के प्रेमनगर क्षेत्र में नाबालिग छात्रा से उसके संगीत के शिक्षक ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने प्रेमनगर के रहने वाले इस शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

महाराष्ट्र के नागपुर में एक गिटार टीचर सागर सिंह पर एक नाबालिग छात्रा से बंदूक की नोक पर दो महीने तक दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पुलिस शिकायत के अनुसार आरोपी ने छात्रा को धमकी दी कि अगर उसने किसी को बताया तो वह उसके परिवार को जान से मार देगा। आरोपी ने छात्रा को अपने फ्लैट पर बुलाया और बंदूक दिखाकर दुष्कर्म किया। ऐसी सैकड़ों वारदातें सामने आई है जो शिक्षकों के सम्मान को तार तार कर रही हैं।

---

# क्या सिर्फ एक दिन का सम्मान ही पर्याप्त है?




अनिल सिखवाल

शिक्षक दिवस का उत्सव अब कई स्थानों पर केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है।

भारत में हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन महान दार्शनिक और भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को समर्पित है। परंपरा के अनुसार इस दिन विद्यालयों और महाविद्यालयों में भव्य कार्यक्रम होते हैं, शिक्षकों का सम्मान किया जाता है और विद्यार्थी अपने गुरुजनों के प्रति आभार प्रकट करते हैं। यह निस्संदेह सराहनीय परंपरा है, लेकिन सवाल उठता है कि क्या मात्र एक दिन का सम्मान ही शिक्षकों के योगदान की भरपाई कर सकता है?

औपचारिकता या आभार का सच्चा भाव?



शिक्षक दिवस का उत्सव अब कई स्थानों पर केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है। मंच सजता है, भाषण होते हैं, फूल-मालाएं चढ़ती हैं और अगले दिन सबकुछ सामान्य हो जाता है। समाज और व्यवस्था सालभर शिक्षकों को उपेक्षित रखते हैं, और एक दिन का सम्मान मानो गुरु-ऋण की अदायगी मान लिया जाता है। सवाल यह है कि क्या यह हमारी वास्तविक कृतज्ञता है?

शिक्षक की भूमिका समाज निर्माण में

भारत की संस्कृति में गुरु को भगवान से भी ऊँचा स्थान दिया गया है—

'गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।'

शिक्षक केवल पुस्तकों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और जीवन के आदर्शों के निर्माता होते हैं एक किसान खेत जोतकर अनाज उगाता है,एक इंजीनियर इमारतें खड़ी करता है,

परंतु एक शिक्षक इंसानों का निर्माण करता है। आज जिस वैज्ञानिक, डॉक्टर, नेता या कलाकार को हम सम्मान देते हैं, उसके पीछे किसी शिक्षक का योगदान अवश्य रहा है।

वास्तविक कृतज्ञता क्या होनी चाहिए?

सिफऱ्. एक दिन का सम्मान शिक्षकों की मेहनत और योगदान का वास्तविक प्रतिदान नहीं है। असली कृतज्ञता तभी होगी जब— समाज में शिक्षकों की गरिमा बनी रहे। उन्हें रोज़मर्रा की जिंदगी में भी उचित आदर मिले। नीतिगत स्तर पर बदलाव हो। शिक्षकों को उनकी मेहनत और जिम्मेदारी के अनुरूप वेतन, सुविधाएँ और संसाधन मिलें विद्यार्थी अपनी सीख को जीवनभर आत्मसात करें। किसी शिक्षक के लिए सबसे बड़ा सम्मान यही है कि उसके विद्यार्थी उसके संस्कारों को आगे बढ़ाएँ।

माता-पिता और समाज सहयोग करें। केवल विद्यालयों पर जिम्मेदारी डालकर हम अपने कर्तव्य से मुक्त नहीं हो सकते।

शिक्षक दिवस हमें शिक्षकों की महत्ता का स्मरण कराता है। लेकिन यदि यह कृतज्ञता केवल एक दिन तक सीमित रह जाए, तो यह अधूरी है

शिक्षक दिवस कोई औपचारिक पर्व नहीं, बल्कि जीवनभर का संकल्प होना चाहिए हर विद्यार्थी का आचरण, हर नागरिक का संस्कार और समाज का व्यवहार ही शिक्षक के प्रति वास्तविक आभार है यदि हम शिक्षक दिवस को केवल माल्यार्पण और औपचारिक भाषणों तक सीमित रखेंगे, तो यह अधूरा रह जाएगा। शिक्षक का आदर एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन होना चाहिए।

# हादसे में पति-पत्नी की दर्दनाक मौत ,दो घायल

## रोडवेज बस,डाक पार्सल कंटेनर व मोटर साईकिल भिड़ंत, दो साल की बच्ची बाल-बाल बची

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** सदर टोंक पुलिस थानांतर्गत जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे 52 स्थित बनास नदी पुलिया पर शुक्रवार को रोडवेज बस तथा डाक पार्सल कंटेनर एवं मोटर साईकिल के बीच सडक़ हादसे में पति -पत्नी की मौत हो गई। साथ ही मोटर साईकिल चालक सहित दो व्यक्ति घायल हो गए जिनको इलाज के लिए सआदत अस्पताल टोंक में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में जाको राखे साइयां मार सके कोय वाली कहावत सिद्ध हुई है,इतने बड़े हादसे में मृतक दंपत्ति की दो साल की बच्ची अनाया बाल -बाल बच गई वह सकुशल बच गई । जिसकी इतला मिलते ही सदर टोंक पुलिस घटना स्थल पहुंची तथा दोनो घायलों को इलाज के लिए सआदत अस्पताल पहुंचाया । साथ ही पति -पत्नी के शवों को पोस्ट मार्टम के बाद दोंनो के शव परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस ने रोडवेज बस सहित कंटेनर को जप्त किया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक चार मीनार गेट जयपुर निवासी सोयल पुत्र मोहम्मद रईस (25) अपनी पत्नी मुस्कान पत्नी सोयल (22),अपनी दो साल की बच्ची अनाया तथा अपने दोस्त धन्ना तलाई टोंक निवासी नौशाद(20)के साथ शुक्रवार को मोटर साईकिल से टोंक से जयपुर जा रहे



थे। जिस दौरान पक्का बंधा के समीप बनास नदी पुलिया पर टोंक से जयपुर की तरफ टोंक रोडवेज डिपो की बस तथा उसके पीछे डाक पार्सल कंटेनर भी जयपुर की तरफ जा रहे थे तभी अचानक कंटेनर के चालक ने रोडवेज बस के पीछे से टक्कर मार दी यह हादसा इतना भयंकर था कि मोटर साईकिल भी इनकी चपेट में आ गई। इस हादसे में जयपुर निवासी सोयल तथा उसकी टोंक निवासी पत्नी मुस्कान की कुचल जाने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में मृतक सोयल का दोस्त टोंक निवासी नौशाद तथा कंटेनर चालक उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद जिले का निवासी सुरजीत पुत्र रामेश्वर घायल हो गए। जिन दोनों घायलों को इलाज के लिए राजकीय सआदत अस्पताल टोंक में भर्ती कराया गया है।

सदर टोंक पुलिस ने दोनों मृतकों सोयल तथा उसकी पत्नी मुस्कान के शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किए गए हैं। पति-पत्नी दोनों मूलतः जयपुर के रहने वाले थे, पत्नी का पीहर टोंक में था। करीबन तीन साल से दोनों टोंक में ही किराए के मकान में रह रहे थे। वहीं इस हादसे में मृतक सोयल की दो साल की बच्ची अयाना को खरोंच तक नहीं आयी। इस सडक़ हादसे में एक बार फिर यह कहावत सिद्ध हो गई कि जाको राखे साइयां मार सके न कोय।

# नवनिर्वाचित पार्षद व भाजपा पदाधिकारियों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान





**मालपुरा (नि.स.)।** नगरपालिका मालपुरा के उप चुनावो में दोनो वार्डो में मिली जीत के बाद पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने शुक्रवार को अपने निवास पर वार्ड नं. 31 के नवनिर्वाचित पार्षद राजेश मेघवंशी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या व प्रभारी राजेन्द्र सेन का सम्मान किया।

इस दौरान पालिकाध्यक्ष सोनी ने कहा कि उप चुनावो में भाजपा को मिली एतिहासिक जीत आगे आने वाले दिनो में होने वाले आम चुनाव में ऊर्जा देने समान होगी। इस जीत के बाद पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं में जोश व उत्साह है। जो आगे भी बना रहेगा। सोनी ने कहा कि उप चुनावो में मिली जीत का श्रेय जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देशन, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सहित अन्य सभी पदाधिकारियो व आम कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने संगठन पदाधिकारियो व निर्वाचित पार्षदो का मालाऐं पहना कर, साफे बंधा कर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया।

# जिला प्रभारी सचिव आज करेंगे अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** जिला प्रभारी सचिव डॉ. देबाशीष पृष्टी शनिवार दोपहर 12.00 बजे तक अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। दोपहर 12.00 बजे उपरांत वे कलेक्ट्रेट सभागार में राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने बताया कि प्रभारी सचिव बैठक में फसल नुकसान की गिरदावरी, बीमा दावों एवं मुआवजा प्रक्रिया, पशुहानि, चारे व पशु चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता, पंचगौरव योजनाएँ तथा गाँव चलो/शहर चलो अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे। साथ ही वर्षा की स्थिति, बाँधों का जलस्तर, अवरुद्ध मार्ग, एसडीआरएफ कार्यवाही व स्वास्थ्य-स्वच्छता संबंधी प्रयासों पर भी चर्चा की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आवश्यक सूचनाओं के साथ बैठक में उपस्थित हों, ताकि प्रभावित जनता को त्वरित एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# ईद मिलादुन्नबी को महफिल-ए-मिलाद के बाद गरीबों के लिए लंगर लगाया




बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** पैगम्बर हजरत मुहम्मद सांहब की यौमे पैदाईश ईद मिलादुन्नवी के तहत धन्नातलाई चौराहे के समीप रेल लाओ संघर्ष समिति टोंक के अध्यक्ष अकबर खॉन की ओर से महफिल ए मिलाद आयोजित की गई। धन्ना तलाई चौराहे पर ईद मिलादुन्नबी पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब की यौमे पैदाईश के मुबारक दिन को रेल लाओ संघर्ष समिति टोंक के अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान ने खुशी का इजहार करते हुए आतिशबाजी की। साथ ही महफिल-ए-मिलाद की शुरुआत हुजूरे पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान मे तिलावत ए कुरान से की गई। खॉन ने प्रदेश में अमन चैन ,खुशहाली एंव भाईचारा रहे इसके लिए दुआ की गई । साथ ही शुक्रवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान ने धन्ना तलाई चौराहे के समीप महिलाओं- पुरूषो एवं राहगीरों को खीर'- पुड़ी का खाना खिलाया। ईद मिलादुन्वी कार्यक्रम में कोतवाली पुलिस थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव , मोहम्मद खुर्शीद, जमील अहमद, अब्दुल सलीम, रशीद मोहम्मद, अजीज उल्लाह ,कयामउद्दीन रंगरेज, अबरार अहमद, एजाज मामु, शेखु बाबा, शाहिद लाहौरी, सईद खां कोटा, शाहरुख परवेज आदि मौजूद थे।

# गोपाल नायक बने प्रदेश मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** अखिल भारतीय नायक महासभा राजस्थान की नवीन कार्यकारिणी में मालपुरा निवासी गोपाल नायक को प्रदेश मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है।

महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह परमार (पूर्व जिला प्रमुख कोटा) ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुन्दरलाल घावरी की सहमति से यह नियुक्ति की है। नायक इससे पूर्व भी महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद रह चुके हैं। नायक के प्रदेश मंत्री बनते ही मालपुरा नायक समाज बंधुओं में खुशी की लहर छा गई। कई समाजबंधु नायक को बधाई देने उनके घर पहुंचे। समाजबंधुओ ने गोपाल का मालाऐं पहना कर व साफे बंधा कर स्वागत सम्मान किया। नायक ने प्रदेश मंत्री का महत्वपूर्ण मिलते ही महासभा के प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारियो का आभार प्रकट कर विश्वास दिलाया है कि वे पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ महासभा व समाज का कार्य कर समाज को नई दिशा प्रदान करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगें।

## उप चुनावो में भाजपा की हुई जीत

# मतदाताओं ने प्रदेश सरकार के कामकाज पर लगाई मोहर

बढ़ता राजस्थान





### कांग्रेस खेमे में छाई मायूसी

नगरपालिका मालपुरा के दोनो वार्डो में कांग्रेस को एक बार फिर मुंह की खाने को मजबूर होना पड़ा। कांगूेस की आपसी गुटबाजी व लड़ाई एक बार फिर जीत के आड़े आ गई। परिणाम जारी होने से पूर्व कांर्गेस व भाजपा नेताओं में तीखी नोकझोक व झड़प होने तक की नोबत आई। जिसमें थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा ने बीचबचाव कर शांत किया।

### विकास पर मोहर

नगरपालिका मालपुरा के दो उप चुनावो में भाजपा की जीत के बाद पत्रकार वार्ता में मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्द्रवास्या व पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन ने इस जीत को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की सरकार द्वारा प्रदेश के विकास सहित प्रदेश के आम जन के कल्याण हेतु किए जा रहे कार्यो के साथ साथ प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में मालपुरा उपखण्ड प्रशासन द्वारा मालपुरा शहर व ग्रामीण क्षेत्रो के विकास के लिए किए जा रहे कार्यो पर मोहर लगाई है।

**मालपुरा (नि.स.)।** नगरपालिका मालपुरा के दो वार्डो में सम्पन्न हुए उप चुनावो में सत्ताधारी भाजपा ने जीत का परचम लहराया।

उप चुनावो के परिणामो का दिन था। जिसके चलते परिणाम स्थल उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के बाहर सुबह से ही नेताओं व आम जन का जमावड़ा शुरू हो गया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी अमित कुमार चौधरी व सहायक निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार पवन मातवा की मौजुदगी में लॉकअप खोलकर ईवीएम को निकाल कर बंद कमरे में औपचारिकता पूर्ण किए जाने के बाद गिनती की कार्रवाई शुरू की गई। गिनती का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद आरओ चौधरी ने परिणाम जारी किए। जिसके अनुसार वार्ड नं. 31 से भाजपा प्रत्याशी को राजेश मेघवंशी को 251, कांग्रेस प्रत्याशी लोकेश को 167 व नाटो में 4 मत मिले। जिस पर भाजपा प्रत्याशी राजेश को 83 मतो से विजयी धोषित किया गया। इसके अलावा वार्ड नं. 34 में विजयी रहे भाजपा प्रत्याशी पूजा लोकेश लोधी को 152 व कांग्रेस के अभिजित को 131 मत मिलने से इस वार्ड से भाजपा प्रत्याशी पूजा को 21 मतो से विजयी धोषित किया गया।

परिणाम जारी किए जाने के बाद दोनो प्रत्याशियो को आरओ अमित कुमार चौधरी ने शपथ दिलवा कर प्रमाण पत्र प्रदान किए। अंत में पुलिस के सुरक्षा घेरे में दोनो प्रत्याशियो को घरो तक पहुंचाया गया। इस दौरान थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा मय दल बल के मौजुद रहे।

**परिणाम जारी होते ही जश्न में डूबे भाजपाई :** नगरपालिका मालपुरा के दोनो वार्डो के उप चुनावो का परिणाम भाजपा के पक्ष में आने की जानकारी लगते ही मौके पर भाजपाईयो ने जीत की जमकर खुशियां मनाई।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या को कंधो पर बैठाकर भाजपा जिन्दाबार, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी जिन्दाबाद सहित शहर मंडल अध्यक्ष जिन्दाबाद के नारो से गूंजायमान किया। इस दौरान भारी संख्या मूं भाजपा कार्यकर्ता मौजुद रहे। इसके अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने संजय बाजार स्थित भाजपा कार्यालय पर जमकर आतिशबाजी कर, एक दूसरे को गले लगाकर व मुंह मीठा करवा कर जीत की खुशियां मनाई। इधर पालिका के दोनो वार्डो में जीते भाजपा प्रत्याशियो का चेयरमेन सोनिया मनीष सोनी ने स्वागत किया। साथ ही दोनो वार्डो कें मतदाताओं का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मोरेल ने फिर दिखाया रौद्र रूप, वर्ष 1981 में हुए थे ऐसे हालात



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** जिले में मलारना डूंगर क्षेत्र में मोरेल बांध में क्षमता से अधिक पानी की आवक होने से गुरुवार को मोरेल नदी तेज उफान के साथ बही। अचानक बढ़े जलस्तर से किनारों पर मिट्टी का कटाव हो गया, कई जगह खेत नष्ट हो गए। सैकड़ों पेड़ बह गए। कई जगह नदी का बहाव क्षेत्र बदल गया।

बता दें कि इससे पहले इस तरह के हालात साल 1981 में नजर आए थे, तब मोरेल नदी में पानी बढने से इसका विकराल रूप दिखा था। तब मोरेल बांध में अचानक पानी की आवक बढने से बांध टूट गया था। निचले इलाकों में बाढ़ आने से भारी नुकसान हुआ था। जनहानि हुई थी। बुजुर्गों की माने तो एक बार फिर अतिवृष्टि से बाढ़ जैसे हालात बन रहे हैं। हालांकि बांध पूरी तरह सुरक्षित है।

**दोपहर बाद आई राहत भरी खबर:** मोरेल बांध की ओवफ्लो पानी की चादर गुरुवार सुबह 11 बजे तक जहां 4 फीट के ऊपर चल रही थी। वहीं दोपहर एक बजे जलस्तर गिरकर 3 फीट 10 इंच रह गया। बांध के निचले इलाकों के लिए यह राहत भरी खबर है। जलसंसाधन विभाग लालसोट सहायक अभियंता चेतराम मीना ने बताया कि मोरेल नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे हुआ है। बांध में पानी की आवक कम हुई है। ऊपरी इलाकों में बारिश का दौर थमा तो, डाउनस्ट्रीम में भी मोरेल नदी का जलस्तर कम होगा।

**यह मार्ग है बंद, आवागमन के लिए लम्बा इंतजार:** गंगापुरसिटी-सवाईमाधोपुर को जोडऩे वाला मुख्य मार्ग भाड़ौती-मथुरा मेगा हाइवे बहतेड़ मोरेल नदी में कटने से एक पखवाड़े से पूरी तरह बंद है। इसी तरह निमोद-टिगरिया के बीच सडक़ कटने से एक महीने से आवागमन बंद है। मलारना डूंगर-मायापुर के बीच रपट पर पानी होने से रास्ता बंद हो गया।

# श्री परशुराम ज्ञानपीठ सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च सेंटर का लोकार्पण आ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर / जयपुर (राकेश शर्मा)।** शिप्रा पथ, मानसरोवर (जयपुर) स्थित नव-निर्मित श्री परशुराम ज्ञानपीठ - सेंटर फॉर एक्सीलेंस एंड रिसर्च सेंटर का भव्य लोकार्पण 6 सितंबर को दोपहर 3 बजे नीरजा मोदी स्कूल ग्राउंड में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कर कमलों द्वारा होगा।

जोन 1-डी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ हेमन्त शर्मा ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर देश-प्रदेश से हजारों की संख्या में विप्रबंधु, विशिष्टजन एवं वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहेंगे। राजस्थान सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर निर्मित यह आधुनिक छह मंजिला भवन समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहेगा। इसमें वैदिक अनुसंधान केंद्र, कन्या छात्रावास, प्रतियोगी परीक्षा प्रशिक्षण व कोचिंग कक्षाएं, कौशल विकास केंद्र, ई-लाइब्रेरी, अतिथि गृह, सभागार एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की समस्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए 15 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया है, जिसमें पूर्व पुलिस महानिदेशक ओमेंद्र भारद्वाज चेयरमैन, राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा कार्यकारी चेयरमैन एवं सतीश चंद्र शर्मा सदस्य सचिव के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगे।

# पुल पर चढ़ी युवती, जान देने को अचानक कूद गई नदी में, एसडीआरएफ ने बचाया

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर(राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर जिले के खंडार क्षेत्र में मध्यप्रदेश की सीमा पर बहने वाली चम्बल नदी स्थित पाली ब्रिज पर एकाएक हडक़ंप मच गया. दरअसल, यहां एक युवती ने चंबल नदी में छलांग लगा दी. घटना के बाद आसपास मौजूद लोग शोर मचाने लगे और तुरंत पुलिस व रेस्क्यू टीम को सूचना दी।

सूचना पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवती को चम्बल नदी से सकुशल बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार 20 साल की युवती का नाम निशा चौधरी है और वह सतीश जाट नाम के युवक की पत्नी है। वह मध्यप्रदेश के जिला श्योपुर, थाना मानपुर, ग्राम गुणावदा की रहने वाली है। बताया जा रहा है कि निशा किसी कारणवश मानसिक तनाव में थी और इसी वजह से उसने पाली ब्रिज से चम्बल में छलांग लगाई।

हालांकि, उसकी किस्मत अच्छी रही कि मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत प्रशासन को खबर दी और एसडीआरएफ की टीम ने समय रहते बचाव अभियान शुरू कर दिया और उसे सकुशल बचा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के बाद नदी किनारे लोगों की भीड़ जमा हो गई. लोगों ने युवती को ढूंढने में भी मदद की। इस दौरान एसडीआरएफ के जवान पूरी तरह से नदी में उतरे और लगातार तलाश की और युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस ने युवती के परिवारजनों को तत्काल सूचना दी. इसके बाद युवती को प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे पूरी तरह सुरक्षित बताया। बाद में परिजनों की मौजूदगी में उसे घर पहुंचा दिया गया।

## उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

# जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का समापन

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** समग्र शिक्षा सभागार में शुक्रवार को जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा ने की। कार्यक्रम में जिलेभर से आए शिक्षा अधिकारियों, चयनित शिक्षकगण तथा विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम संयोजक एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता होते हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और मूल्यों की शिक्षा से ही समाज की सही दिशा तय होती है। उन्होंने शिक्षकों के योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता तभी संभव है जब शिक्षक नवाचार और सेवा भाव से कार्य करें।

सम्मान समारोह के दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज की धुरी हैं, जिन पर आने वाली पीढियों का भविष्य टिका है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों में संस्कार, संवेदनशीलता और रचनात्मक सोच का विकास करें।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश लाल मीणा ने शिक्षकों के योगदान की सराहना की और कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का अवसर है। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को समाज कभी नहीं भूल सकता।

कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि प्राथमिक वर्ग में हरसहाय मीणा, अध्यापक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, भगवतगढ़,उच्च प्राथमिक वर्ग में जितिन शर्मा, अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिंजारी,माध्यमिक वर्ग में शिप्रा शर्मा, व्याख्याता, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शहर, सवाई माधोपुर को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं शॉल ओढ़ाकर जिला स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक कालूराम बैरवा, एपीसी समग्र शिक्षा शशिकला बंशीवाल, राकेश कुमार मीणा, कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार कांवरिया, चंद्रमोहन शर्मा सहित अनेक शिक्षा अधिकारी एवं जिला एवं राज्य स्तर पर पूर्व में सम्मानित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# पायलट के जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर, उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट के 47वें जन्मदिन को नगर पालिका क्षेत्र स्थित हरसौरा बायपास पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता राजेश बागड़ी के नेतृत्व में चौथा रक्तदान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और सैकड़ों यूनिट रक्तदान किया।

शिविर में रक्तदाताओं और शुभकामनाएं देने वालों की लंबी कतार लगी रही। राजेश बागड़ी ने इस मौके पर कहा कि सचिन पायलट युवाओं के सच्चे प्रेरणास्रोत और पूरे भारत के नेता हैं। उन्होंने भगवान से पायलट की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। बागड़ी ने बताया कि पूर्व के तीन जन्मदिनों पर 300 से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ था, जबकि इस बार वह रिकॉर्ड भी टूट गया।

शिविर के दौरान वर्षा बाधा नहीं बनी, बल्कि लोग बारिश के बावजूद रक्तदान करने पहुंचे। सडक़ पर वाहनों का जाम लग गया। इस मौके पर बानसूर पंचायत समिति प्रधान सुमन सुभाष यादव, विप्र फाउंडेशन जोन-1 बानसूर ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट विकास जोशी, कांग्रेस नेता हंसराज योगी, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव और युवा कांग्रेस नेता चिराग तिवाड़ी सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी ने राजेश बागड़ी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाता और स्थानीय लोग शामिल हुए। बागड़ी प्लाजा के सामने वाहनों की लंबी कतारें शिविर की सफलता का प्रमाण बनीं।

# आर्य पब्लिक स्कूल में वाटर कूलर का लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान


**अलवर (का.स.)।** आर्य पब्लिक स्कूल में खान चंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट की ओर से एक वाटर कूलर लगवाया गया, जिसका लोकार्पण गुरुवार को एक समारोह में किया गया। यह वाटर कूलर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी दौलत राम हजरती द्वारा दानस्वरूप प्रदान किया गया।

समारोह में प्रधान आर्य कन्या विद्यालय समिति के जगदीश प्रसाद गुप्ता एवं दौलत राम हजरती ने संयुक्त रूप से फीता काटकर वाटर कूलर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने दौलत राम हजरती का अभिनंदन एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में जगदीश प्रसाद गुप्ता, दौलत राम हजरती, अशोक कुमार आर्य, प्रदीप कुमार आर्य, कमला शर्मा, धर्मेंद्र अदलखा, सुरेंद्र सक्सेना, शिवकुमार कौशिक, हेमराज कल्ला, सुमन आर्य, प्रमोद आर्य, डॉ. दिविषा आर्य, अशोक शर्मा, धर्मवीर आर्य, नेहा जादौन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक शिक्षा के माध्यम से जीवन जीने की राह दिखाते हैं: शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शुक्रवार को नॉलेज सिटी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह-2025 में भाग लेकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान श्री शर्मा ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एक सच्चा शिक्षक सिर्फ पढ़ाता ही नहीं, बल्कि हमें जीवन जीने की राह भी दिखाता है। हमारे जीवन में मां के बाद गुरु का सर्वोच्च स्थान है। गुरुजन कुंभकार की भांति बच्चों को अच्छे नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने शिक्षा प्रणाली को आगे बढ़ाने में योगदान देने वाले भामाशाहों का आभार व्यक्त किया और बताया कि 'हरियालो राजस्थान अभियान' के तहत इस वर्ष अब तक 11 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। अलवर जिले में शिक्षा विभाग को मिले 13 लाख पौधारोपण के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 21 लाख पौधे लगाकर 'हरियालो राजस्थान एप' पर अपलोड किए गए हैं।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य हेतु श्री बृजमोहन शर्मा, श्रीमती मोनिका राजपूत एवं श्रीमती मोनिका जैफ को सम्मानित किया गया। वहीं राज्य स्तरीय समारोह, बिड़ला ऑडिटोरियम जयपुर में जिले के शिक्षक श्री छगनलाल शर्मा एवं श्री मदन लाल यादव को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती यशोदा मटवाल ने किया।

स्मारिका 'सारथी-2025' का विमोचन

वन राज्यमंत्री श्री शर्मा ने पुलिस अन्वेषण भवन मैरिज गार्डन में आयोजित विद्युत निगम सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति के 15वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में समिति की स्मारिका 'सारथी-2025' का विमोचन किया।

इससे पूर्व उन्होंने मालवीय नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन कार्यक्रम में भी शिरकत की। कार्यक्रमों में जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता, डीईओ महेश मेहता, एडीपीएस मनोज शर्मा, डीईओ प्रारंभिक देवेंद्र कुमार, जेवीवीएनएल अधीक्षण अभियंता सुधीर पांडे, विद्युत प्रसारण निगम अधीक्षण अभियंता महिपाल यादव, डाइट प्राचार्य ओमप्रकाश, राउमावि जहारखेड़ा प्राचार्य भिक्की राम मीणा, नॉलेज सिटी स्कूल डायरेक्टर विजय लक्ष्मी, गौरव खंडेलवाल, पं. जले सिंह, एस.सी. गोयल, आनंद मेहरा, धर्मवीर पाराशर, बी.एस. खंडेलवाल, सुनील शर्मा, श्रीमती शीला जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# बारिश से प्रभावित हॉकी प्रतियोगिता, हरसौरा और टसकोला टीमों ने किया कब्ज़ा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र के गांव गिरुड़ी में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को बारिश से प्रभावित रही। तेज वर्षा के चलते निर्धारित मैचों में से केवल दो ही मुकाबले हो पाए।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य ममता गुप्ता ने बताया कि इन्द्रदेव की तिरछी नजर के कारण प्रतियोगिता का कार्यक्रम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि चार टीमों के बीच मुकाबले होने थे, मगर बारिश के चलते सिर्फ दो मैच ही संपन्न हो सके। पहले मैच में छात्र वर्ग की टीम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरसौरा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिरुड़ी को 1-0 से हराकर जीत दर्ज की। वहीं छात्रा वर्ग में महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टसकोला ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरसौरा को 1-0 से मात देकर अगली पारी में जगह बनाई।

इस मौके पर प्राचार्य ममता गुप्ता, आब्जर्वर बसंत आर्य, बाबूलाल यादव, घनश्याम स्वामी, संदीप राठी, महेंद्र सोलेत, जगदीश तंवर सहित ग्रामीण और खिलाड़ी मौजूद रहे।

# श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल में कार्यकारिणी बदलाव

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल अपना घर शालीमार, अलवर की कार्यकारिणी में बदलाव किया गया है। मंडल अध्यक्ष भानु प्रकाश सैन ने सर्वसम्मति से जितेंद्र सेतिया को मंडल का उपाध्यक्ष नियुक्त किया।

इस अवसर पर जितेंद्र सेतिया ने कहा कि वे निरंतर धर्म और समाज की सेवा करते हुए, पद की गरिमा बनाए रखते हुए मंडल हित में कार्य करेंगे। वहीं मंडल अध्यक्ष भानु प्रकाश सैन ने विश्वास जताया कि सेतिया अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे और सभी प्रेमियों को साथ लेकर कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे।

# जिला प्रभारी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा 6 सितम्बर को लेंगे समीक्षा बैठक



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में 6 सितम्बर को दोपहर 12:30 बजे मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित होगी।

# नगर निगम आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया।

आयुक्त नरूका ने शिवाजी पार्क, अंबेडकर सर्किल, भगत सिंह सर्किल, स्कीम नंबर-1, स्कीम नंबर-2, घंटाघर, बजाज क्षेत्र सहित पुराने मोहल्लों का दौरा कर सफाई की वास्तविक स्थिति देखी। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से संवाद कर सफाई व्यवस्था पर उनका फीडबैक भी लिया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नाले-नालियों की ठीक से सफाई न होना, कचरा उठाव में अनियमितता तथा गलियों में गंदगी पाए जाने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से सफाई का जायजा लें और सुनिश्चित करें कि प्रत्येक वार्ड में सफाईकर्मी पूरी निष्ठा से कार्य करें।

आयुक्त ने कहा कि घर-घर कचरा संग्रहण के लिए ऑटो टिपर वार्डों में नियमित रूप से पहुंचें। यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान नागरिकों ने भी शिकायत की कि कई बार सफाई कर्मचारी समय पर नहीं आते और कचरा समय पर नहीं उठाया जाता। इस पर आयुक्त ने मौके पर ही संबंधित कार्मिकों को सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने आमजन से अपील की कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि लोग गंदगी न फैलाएं तथा घरों और प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को पृथक कर ऑटो टिपर में डालें।

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ सुखद समापन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** मालवीय नगर बी-ब्लॉक पार्क में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का समापन भक्ति और उत्साह के साथ हुआ।

आयोजक परीक्षित पंडित महेश भारद्वाज एवं श्रीमती कमला भारद्वाज ने बताया कि ठाकुरजी की असीम कृपा और कॉलोनीवासियों के सहयोग से यह धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया। उन्होंने कहा कि आयोजन से पहले कई कठिनाइयों और विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन दृढ़ संकल्प और ठाकुरजी के आशीर्वाद से यह भव्य कथा संभव हुई।

कथा के दौरान अलवर सहित आसपास क्षेत्रों से भी सैकड़ों श्रद्धालु धर्मलाभ लेने पहुंचे। बृजधाम से पधारे आचार्य विजयआनंद जी महाराज के मुखारविंद से सुनाई गई कथा का प्रत्येक प्रसंग श्रोताओं के हृदय में गूंज उठा। भक्तों की भक्ति और समर्पण देखकर आचार्य विजयआनंद महाराज ने कहा कि अलवरवासियों का यह आयोजन सदैव स्मरणीय रहेगा। ठाकुरजी आप सब पर सदैव कृपा बनाए रखें और ऐसे आयोजन बार-बार होते रहें। इस अवसर पर आचार्य दीनदयाल शास्त्री ने भी श्रीमद्भागवद्गीता के श्लोकों का वाचन कर सहयोग प्रदान किया। कथा समापन पर भक्ति भाव से वातावरण गूंज उठा।

# कांग्रेस पार्टी ने जो सम्मान दिया, भुलाया नहीं जा सकता: मेघवाल

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र बानसूर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनाए जाने पर राहुल आर्य का मेघवाल विकास समिति की ओर से भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति ने पूर्व मंत्री शकुंतला रावत, विपक्ष के नेता टीकाराम जूली और कांग्रेस आलाकमान के प्रति आभार व्यक्त किया।

मेघवाल विकास समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त कैप्टन अरविन्द कुमार मेघवाल के नेतृत्व में आयोजित समारोह में कार्यकारिणी सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल आर्य का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कैप्टन मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमें जो सम्मान दिया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। बहुजन समाज के एक युवा को शहर का नेतृत्व सौंपना सराहनीय पहल है। समाज की प्रगति के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है और राहुल आर्य की नियुक्ति गौरव का विषय है।इस मौके पर समाज की ओर से राहुल आर्य को हर संभव सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया गया। वहीं, राहुल आर्य ने भी समिति के अध्यक्ष कैप्टन अरविन्द कुमार सहित सभी पदाधिकारियों का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया और आभार जताया। कार्यक्रम में समिति के महासचिव सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक चेतराम आर्य, कोटपूतली-बहरोड़ जिला महासचिव व मुख्य सलाहकार राधेश्याम मेघवाल, सचिव मुकेश कुमार, ताराचंद नेताजी देवशन, सेवानिवृत्त ग्राम विकास अधिकारी दयानन्द आर्य, कृष्ण यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हर जरूरतमंद तक पहुँचना ही लायनवाद की प्राथमिकता

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** लायंस एवं लियो क्लब सेंट्रल स्पाइन के पदस्थापना समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मल्टीपल काउंसिल सेक्रेटरी एवं निवर्तमान प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा ने कहा कि हर जरूरतमंद तक पहुँचना ही लायनवाद की असली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य ही संगठन की पहचान है और मिशन 1.5 को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक नए सदस्य जोडऩा आवश्यक है।

समारोह की अध्यक्षता पीएमजेएफ लायन डॉ. बसंत जलेवा ने की। इस अवसर पर पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा का जयपुर सहित 25 से अधिक क्लबों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया, जिससे वे भावुक हो उठे।

पीडीजी लायन आलोक अग्रवाल ने नए लायंस एवं लियो सदस्यों को सदस्यता दिलाई जबकि पीडीजी लायन अशोक ठाकुर ने सारगर्भित उद्बोधन के साथ टीम 2025-26 को पदस्थापित कराया। कार्यक्रम में लायन ओपी मंगल विशेष अतिथि, लायन आलोक अग्रवाल इंडक्शन ऑफिसर, लायन अशोक ठाकुर पदस्थापना अधिकारी तथा लियो रोहन अग्रवाल, लायन अशोक जिंदल, रीजन्न चेयरपर्सन अमित पारीक विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि सुनील अरोड़ा ने सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कई सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को लायन ओपी मंगल, लायन एलसी भारतीय, लायन मीनू भारतीय, अशोक जिंदल, अमित पारीक, रोहन अग्रवाल ने भी संबोधित किया।

समारोह का संचालन लायन सीए दिनेश सिंघल और लायन योगिता जलेबा ने किया। आयोजन में संजीव जैन, मीनू भारतीय, अनिल गर्ग, अनीश शर्मा, शंकर सिंह खंगारोत, एसके भगवान, अनुज शर्मा, महेंद्र बैराठी, सामंता श्रीवास्तव, संध्या टंडन, मुकेश अरोड़ा, रोहित जौली, रेणु सिंघल, विमल कोठारी, रामशरण जांगिड़, सुमित्रा गोलिया सहित 100 से अधिक लायन एवं लियो सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन विभिन्न क्लबों से आए पदाधिकारियों के सम्मान और स्वादिष्ट लंच के साथ हुआ।

# नकबजन गिरोह का भंडाफोड़: चार बदमाश चढे पुलिस के हत्थे

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजन गिरोह के चार बदमाशों को पकड़ा है और उनके पास से एक देशी कट्टा,एक जिंदा कारतूस और एक चाकू भी बरामद किया है। इसके अलावा पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित चोरी की चार पानी की मोटर भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजन गिरोह के शातिर बदमाश विशाल मालावत,सोहन सिंह चौहान, श्याम टेलर और अजय सैनी को गिरफ्तार किया है।

## भारतीय जैन संगठना रावतभाटा ने गुरु समर्पण दिवस के रूप में मनाया शिक्षक दिवस




बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा शहर में पावन चातुर्मास में विराजित परम पूज्य पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के सुशिष्य पूज्य मुनिराज श्री संयत सागर जी महाराज के पावन सानिध्य एवं निश्रा में भारतीय जैन संगठना ,बी जे, एस, रावतभाटा ने शिक्षक दिवस को गुरु समर्पण दिवस के रूप में मनाया जिसके अंतर्गत नया बाजार स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पूज्य मुनिभगवंत के प्रवचन के दौरान कोटा संभाग उपाध्यक्ष अशोक लोढ़ा ने बी जे एस के कार्यो का संशिप्त वर्णन दिया एवं अध्यक्ष दीपेश हरसौरा, जम्बू शाह, कल्याणमल जैन, अर्पित जैन, हरकचंद जैन एवं उपस्थित समाजजनो ने गुरु के प्रति समर्पण भाव से श्रीफल भेंट किया साथ ही जैन पाठशाला की शिक्षिका अंजू दौराया, रेखा बगडिया, नीलम सांवला, मनोरमा हरसौरा, अनिता दुगेरिया ने गुरुभगवंत के चरणों मे श्रीफल भेंट किया गया एवं जीवन मे हमें लौकिक शिक्षा देने वाले शिक्षक, सुरेश जैन, पारस सेठिया, ऋषभ सांवला सुनिता हरसौरा ने भी गुरुदेव के चरणों मे श्रीफल भेंट किया एवं इसी क्रम में रेखा बगडिया ने गुरु के प्रति समर्पण में एक गीत प्रस्तुत किया।

## शहर चलों अभियान 2025: दक्षिण निगम क्षेत्र में तैयारी शिविर शुरू

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में दिनांक 15-09-2025 से 02-10-2025 तक शुरू होने वाले ''शहर चलो अभियान-2025'' के तहत नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा आवेदन प्राप्त करने के लिए वार्ड वार निम्नानुसार अभियान पूर्व तैयारी कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है, जिसेके अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किये जाने है - साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट रिपेयर व नई लाइट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, आवारा पशुओं को पकडऩा, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेच वर्क, सार्वजनिक पार्को की साफ-सफाई, सामुदायिक केन्द्र, रेन बसेरों आदि सार्वजनिक स्थलो का रखरखाव का कार्य, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, सद्भावना केन्द्र स्थापित करना, शहर के प्रमुख चौराहो/डिवाइडर का रखरखाव एवं सौन्दर्यकरण, कार्यालय में पेडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, मोबाइल टावर एवं ओ.एफ.सी, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती, 69-ए, कृषि भूमि, लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा), भू-उपयोग परिवर्तन, खाचां भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण स्वीकृती, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर रजि0, उपविभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण-पत्र, जन्म-मृत्यु/विवाह पंजीयन, पार्किगं स्थलो का चिन्हीकरण कर, विकसित करना, विभिन्न राजकीय जनहित योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर स्वीकृती जारी करना।

## अनंत चतुर्दशी महोत्सव की सुरक्षा को लेकर बजरंगदल ने किया टोलियों का गठन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** अनंत चतुर्दशी महोत्सव की सुरक्षा को लेकर हुई बजरंग दल की बैठक आज विहिप कार्यालय मानव विकास भवन में संपन्न हुई।

महानगर प्रचार प्रमुख रामबाबू मालव ने बताया कि बजरंगदल महानगर संयोजक नरेश प्रजापति ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बजरंगीयो को महोत्सव के दौरान होने वाली गतिविधियों पर नजर बनाए रखना हैं। महोत्सव की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को विभिन्न कार्य सौंपे गए साथ किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चार टोलियों का गठन किया। जिसमें सैकड़ो कार्यकर्ताओं को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में महानगर मंत्री आशीष शर्मा,महोत्सव के सुरक्षा प्रमुख रामचरण लोधा ,भानु प्रजापति,अजय,सत्यनारायण नीरज, मयंक हनुमान स्वामी, विशाल,नेमीचंद कुशवाहा, अतुल ,हिमांशु मेवाड़ा उदय, रौनक, अंकित ,दीपांशु, महेंद्र ,शिव, कुलदीप ,नवीन, विपिन आदि सहित प्रखंड के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोटा रेलवे स्टेशन पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया,अभियान का नेतृत्व मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर पटेल द्वारा किया



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** प्लेटफॉर्म क्रमांक 1, 1र, 2&3 एवं 4 पर स्थित विभिन्न खानपान स्टालों, ट्रॉलियों एवं वेंडरों की स्थिति का गहनता से निरीक्षण किया गया। प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 पर स्थित साँची स्टाल एवं गाड़ी संख्या 12465 के निकट 9 अवैध वेंडरों को पकड़ा गया। इन वेंडरों के पास से खाद्य सामग्री जप्त की गई और उन पर नियमानुसार जुर्माना भी लगाया गया। वहीं प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 पर एक अवैध ट्रॉली भी जब्त की गई ।अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 1, 2, 3 एवं 4 पर स्थित सभी लाइसेंसी खानपान स्टालों एवं ट्रॉलियों पर अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) की उपलब्धता, साफ-सफाई की स्थिति, अनुबंध से संबंधित दस्तावेजों की वैधता, वेंडरों की निर्धारित वर्दी तथा परिचय पत्र आदि का भी निरीक्षण किया गया। रविंद्र - मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सहित अन्य संबंधित कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से अभियान में भाग लिया। रेलवे प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण खानपान सेवा उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की नियमित जांच एवं सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### अनन्त चतुर्दशी पर कोटा शहर में यातायात व्यवस्था के लिए विशेष व्यवस्था

# पुलिसकर्मियों को प्रदान किए विशेष एमरजैंसी किट

बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। कोटा पुलिस प्रशासन द्वारा कोटा के सबसे बड़े आयोजन अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा के लिए विशेष तैयारी की है । कोटा रेंज पुलिस महानिरीक्षक राजेंद्र गोयल की अध्यक्षता मे पुलिस ने पुलिस की तैयारी की ब्रीफिंग की गई। बैठक का आयोजन सियाम ऑडिटोरियम में किया गया।



जिसमें कोटा शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने पुलिस प्रशासन द्वारा आगामी गणेश चतुर्दशी की शोभायात्रा के लिए यातायात व्यवस्था से लेकर यात्रा के मार्ग में पब्लिक कंट्रोल के लिए की गई तैयारीयो की रुपरेखा सामने रखी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इतने बड़े आयोजन के लिए पुलिस की तैयारी भी चाक चौबंद है। 3549 पुलिसकर्मियों की टीम रहेगी सीधी फील्ड मे रहेगी, जमीन से लेकर आसमान तक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आसमान में 12 ड्रोन के जरिए लगातार निगरानी की जा रही है। भीड़ और जाम लगने वाले स्थान पर विशेष पुलिस वाचिंग टावर बनाए गए है।छतों के ऊपर से निगरानी दल के रूप में आधुनिक उपकरणों के साथ पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे वहीं सकड़ी संवेदनशील गलियों को बैरिकेडिंग करके बंद कर दिया गया है। जिससे की शोभायात्रा के बीच में कोई परेशानी उत्पन्न न हो। पुलिस महानिदेशक कोटा रेंज राजेंद्र गोयल ने बताया कि हमारे पुलिसकर्मी जो रूट की ड्यूटी पर लगे हैं उन्हें काफी लंबे समय तक से एक जगह पर ड्यूटी करना पड़ता है। ऐसे में पुलिस कर्मियों को पानी व भोजन की व्यवस्था के लिए भी एक विशेष किट की व्यवस्था की गई है। जिसमें बरसात के मौसम को देखते हुए एक बरसाती रेनकोट पानी की बोतल व ओआरएस व कुछ खाने पीने का सामान तैयार करके दिया गया है जिससे कि जवानों को इन चीजों के लिए अपने ड्यूटी स्थल से कई अन्य न जाना पड़े । वही यदि किसी भी जवान को आवश्यकता होती है तो वह सीधा अपने अधिकारियों को फोन कर सकता है । लेकिन तय किए गए स्थान पर से कहीं भी जाने की उसे परमिशन नहीं होगी।

### यह रहेगा मार्ग

अखाडे व झांकियाँ जुलुस के रूप में मल्टीपरपज स्कूल गुमानपुरा पर एकत्रित होकर गुमानपुरा पेट्रोल पम्प, सूरजपोल गेट से दिन में 12.00 बजे रवाना होकर, केथूनीपोल थाना, गन्धी जी की पूल, पूरानी सब्जी मण्डी, चार खम्भा, अग्रसेन मार्केट रामपुरा। बाजार, हिन्दु धर्मशाला, लक्खी बुर्ज होते हुए बारहदरी पहुँचेगें। जुलुस के दौरान यातायात नियोजित तरीके से की गई है। जुलुस के मार्ग पर जुलुस प्रारम्भ होने से समापन होने तक जुलुस के सामने से, पीछे से तथा दाएं-बाएं स्थित मार्गो / गलियों से कोई भी वाहन जुलुस के मार्ग पर नही आयेगें।

## चेयरपर्सन डॉ. सुषमा आहुजा की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न,सेवाकार्या के लिए सराहा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** लायंस क्लब कोटा द्वारा रीजन चेयरपर्सन डॉ. सुषमा आहुजा की आधिकारिक यात्रा के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उन्होने क्लब की गतिविधियों परखा और सरहाया।अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि समारोह का शुभारंभ लायन प्रभा विजय द्वारा ध्वज वंदना के साथ हुआ। रीजन चेयरपर्सन डॉ. सुषमा आहुजा का स्वागत शॉल और उपरणा पहनाकर बड़े उत्साह से किया गया। डा.अहुजा ने उद्बोधन में उन्होंने लायंस क्लब के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को नई ऊर्जा, सकारात्मकता और सेवा भावना से ओतप्रोत कर दिया।गत



60 दिवस में 296 गतिविधियों करना काबिलेतारिफ है। सचिव मुकेश व्यास ने बताया कि

इस अवसर पर 11 राजकीय विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान शॉल, उपरणा एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। क्लब के शिक्षक सदस्यो को सम्मान हुआ। साथ ही लायन हनुमान मल दुग्गड़, जिन्होंने पर्युषण पर्व पर लगातार आठ उपवास रखकर तपस्या की, उन्हें भी क्लब की ओर से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वीडीजी द्वितीय सी.पी. विजय, जोन चेयरपर्सन प्रमोद विजय, सुरेश बंसल, नारायण कालानी, रमेश कालानी और डा. सुषमा बंसल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

## आकिंचन धर्म से ही मोक्ष मार्ग प्रशस्त :आचार्य प्रज्ञासागर जी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** आचार्य प्रज्ञासागर जी महाराज ने दशलक्षण धर्म के अंतर्गत प्रज्ञालोक महावीर नगर प्रथम में उत्तम आकिंचन धर्म पर प्रवचन देते हुए कहा कि आत्म-शुद्धि और परिग्रह (संपत्ति, इच्छाओं) का त्याग ही मोक्ष मार्ग का आधार है। आकिंचन धर्म का अभ्यास व्यक्ति को बाहरी संपत्ति, संबंध, मोह और अहंकार से मुक्त करता है, जो पर्युषण पर्व का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि दशलक्षण पर्व (पर्युषण) आत्म-निर्माण, आत्म-शुद्धि और मोक्ष का श्रेष्ठ साधना पर्व है, जिसमें विशेष रूप से आकिंचन धर्म पर बल दिया गया है। इस पर्व के माध्यम से जैन अनुयायी मोह,



लोभ, संबंध और आसक्ति का त्याग करते हैं। केवल वस्त्र, धन, सामग्री या संबंधों का त्याग ही पर्याप्त नहीं, बल्कि मेरा और अपने का भाव भी भीतर से त्यागना आवश्यक है। महाराजश्री ने बताया कि शरीर, सम्पत्ति, सामग्री और संबंध—ये चारों आकिंचन में बाधक माने जाते हैं। इनके प्रति लगाव छोडऩे से आंतरिक हल्कापन और आत्म-शुद्धि का मार्ग खुलता है, और यही मोक्ष की ओर अग्रसर करता है। धार्मिक साधना का वास्तविक उद्देश्य भीतर की शुद्धता, अहंकार और लालसा से मुक्त होना तथा आत्म-स्वरूप की अनुभूति करना है।

## सेवा भारती प्रकल्प शिक्षिकाओं की बैठक सम्प्पन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा सेवा भारती रावतभाटा द्वारा संचालित सभी प्रकल्पों की प्रकल्प शिक्षिकाओं की बैठक सिलाई केंद्र खानदेशी मोहल्ला रावतभाटा में संपन्न हुई युवा प्रमुख अजय सिंह ने बताया बैठक में प्रेरक पाथ्य विभाग प्रकल्प प्रमुख पवन कुमार वैष्णव का रहा बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज मलिक ने की कोटा विभाग द्वारा लगाए जा रहे शिक्षक परिशिक्षण वर्ग 13 सितंबर एवं 14 सितंबर हेतु सभी प्रकल्प शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य हेतु आग्रह किया गया बैठक में प्रकल्प शिक्षकों को गीत एवं भजन लय में सुधार कराया गया सेवा सुरभि पुस्तिका में से प्रश्नोत्तरी करायी गयी जिसमें अंजू कंवर प्रियंका जांगिड़ प्रियंका डाबोडीया प्रियंका मेघवाल राधा मीणा ने उच्च अंक प्राप्त किये बैठक में पंच परिवर्तन की जानकारी पवन कुमार वैष्णव ने दी तहसील अध्यक्ष चन्द्रसिंह भाटी एवं मंत्री आकांक्षा सोनी ने भी अपने विचार रखें बैठक के प्रारंभ में गीत कराया गया इस अवसर पर शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी प्रकल्प शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर श्री फल भेंट किया गया एवं शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की गयी बैठक में सेवा भारती के सुरेशचन्द्र गोड़, अंजू कंवर,टीना कंवर,राधा मीणा, भारती रेगर,प्रियंका मेघवाल,जया राठौर,हर्षिता,प्रिया राठौर उपस्थित रही।

## अतिवीर ग्रुप ने दी संस्थापक अध्यक्ष को विनयांजलि,किया शिक्षक सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** शिक्षक दिवस के अवसर पर एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष, प्रेरणास्तोत्र स्व. प्रदीप सिंह कासलीवाल की पुण्यतिथि पर अतिवीर ग्रुप, कोटा द्वारा तलवंडी स्थित एक निजी विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

अध्यक्ष निकुंज जैन ने बताया कि कार्यक्रम में शिक्षिका अर्चना जैन तथा छात्र रूपेश जैन को समाज में उत्कृष्ट योगदान एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेश चांदवाड़, राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव एवं कोटा रीजन प्रभारी उमेश अजमेरा, राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव जे.के. जैन तथा कोटा रीजन अध्यक्ष अनिल ठोरा उपस्थित रहे।

अतिवीर ग्रुप की ओर से अध्यक्ष निकुंज-वर्षा पाटनी, सचिव शुभम




लुहाडिया, कोषाध्यक्ष कमल गोधा, कार्याध्यक्ष सुदर्शन बाकलीवाल, पदम सोगानी एवं पुष्पा जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के दौरान सचिव शुभम लुहाडिया ने स्व. प्रदीप सिंह कासलीवाल के प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके समाजसेवी योगदान का स्मरण कराया। अध्यक्ष निकुंज पाटनी ने सभी आगंतुकों तथा विद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतवर्ष में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप, दिगंबर जैन समाज की सबसे सक्रिय एवं क्रियाशील संस्था है, जो समाजहित और शैक्षणिक उन्नति के लिए निरंतर कार्यरत है।कार्यक्रम में माँ भारती ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन हेमा विजय ने भी धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एवं पितृपुरुष स्व. प्रदीप सिंह कासलीवाल का देहावसान 5 सितम्बर 2020, शिक्षक दिवस के दिन हुआ था। उनकी स्मृति में फेडरेशन प्रतिवर्ष शिक्षक एवं छात्र सम्मान समारोह का आयोजन करता आ रहा है।पूरे भारतवर्ष और विदेशों में फैले लगभग 350 ग्रुपों के उनकी स्मृति में फेडरेशन प्रतिवर्ष शिक्षक एवं छात्र सम्मान समारोह का आयोजन करता आ रहा है।

### रामगंजमंडी : जिम्मेदारों की अनदेखी

# जर्जर सड़क से अस्पताल जाने वाले मरीज परेशान

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** शहर का अंबेडकर चौराहे से मारवाड़ चौराहे तक का अस्पताल मार्ग आज मरीजों के लिए जिंदगी और मौत के बीच की डगर बन गया है। 500 मीटर की सडक़ पर 50 से अधिक गहरे गड्ढे बन चुके हैं। इस रास्ते से हर रोज़ 700 से अधिक मरीज और गर्भवतियां जिला अस्पताल तक पहुंचते हैं, लेकिन गड्ढों से भरी सडक़ पर एंबुलेंस तक हिचकोले खाती है।

### 2008 के बाद स्थायी सडक़ निर्माण नहीं



स्थानीय लोगों ने खुलासा किया कि वर्ष 2008 के बाद इस मार्ग पर स्थायी सडक़ का निर्माण नहीं हुआ। केवल पेचवर्क से खानापूर्ति की जाती रही। बरसात आते ही यह पेचवर्क टूटकर और खतरनाक गड्ढों में तब्दील हो जाता है। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभाग हर साल लाखों रुपये पेचवर्क में खर्च कर जनता की आंखों में धूल झोंकता है।

### हादसों का अड्डा बनी सडक़

बरसात के कारण गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे सडक़ और गड्ढों की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। इस कारण आए दिन दुपहिया वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। कॉलोनीवासियों ने बताया कि कई बार तो महिलाएं और बच्चे तक फिसलकर चोटिल हो चुके हैं।

### 15 करोड़ का बजट अधर में

सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस वर्ष राज्य सरकार ने इस सडक़ के लिए 15 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया, लेकिन आधा साल बीत जाने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। जनता का सवाल है कि आखिर ये बजट कागजों से बाहर कब आएगा? क्या सरकार और विभाग जनता की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने पर उतारू हैं?

### जिम्मेदारों की सफाई

इस मामले में पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता रामकेश मीणा ने कहा कि सडक़ निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। बरसात खत्म होने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि टेंडर और बरसात का बहाना पिछले कई महीनों से सुनते आ रहे हैं। जनता अब स्थायी समाधान चाहती है।

## महासंघ की सरकार से वार्ता के बाद आरजीएचएस सेवाएं पुन: चालू, आंदोलन स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के आह्वान पर धौलपुर में सरकारी कार्यालयों में 12.30 बजे से 1.30 तक 1 घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार किया गया। कर्मचारियों ने इक_ा होकर जगह-जगह पर विरोध प्रदर्शन किया तथा जिला कलेक्टर निधी बी टी के माध्यम माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया ।कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष चन्द्रभान चौधरी ने बताया कि आज धौलपुर सहित संपूर्ण जिले में 1 घंटे के कार्य बहिष्कार रहा। और बताया कि प्रदेश के आंदोलन से सरकार को आरजीएचएस में इलाज बंद होने से उत्पन्न कर्मचारियों की गंभीर समस्या का अंदाजा हुआ और प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं गायत्री राठौड़, कार्मिक शासन सचिव के के पाठक और आरजीएचएस के नोडल अधिकारी शाइन अली के साथ हुई वार्ता में आज से ही अनुमोदित अस्पतालों में आरजीएचएस के अंतर्गत ईलाज और दवाओं की उपलब्धता प्रारंभ करने की सहमति के उपरांत इस आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। कर्मचारी महासंघ प्रदेश के समस्त कर्मचारी संगठन एवं सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट करता है जिन्होंने इस समस्या के विरोध में पूरे प्रदेश में कार्य बहिष्कार को सफल बनाया और सरकार को आरजीएचएस में इलाज पुनः प्रारंभ करने के लिए मजबूर किया । ज्ञापन देने वाले में मनोज पोसवाल, मयंक परमार, अशोक कुलश्रेष्ठ, रामनिवास, अशोक शर्मा सहित उपस्थित थे।

## डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक श्री सम्मान से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** वरिष्ठ भाजपा नेता, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, साहित्यकार, समाजसेवी, पर्यावरणविद एवं राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी को राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक श्री सम्मान से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी एवं विश्वशांति मानव सेवा समिति, आगरा द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ॠषि वर्मा तथा संस्थापक जय किशन सिंह एकलव्य ने संयुक्त रूप से उन्हें यह सम्मान अर्पित किया।

डॉ. चतुर्वेदी को यह सम्मान साहित्य साधना, शोध, शिक्षा और हिंदी भाषा के विकास में उनके प्रेरक, रचनात्मक एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों में पिछले 35 वर्षों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। एक श्रेष्ठ समीक्षक, कुशल वक्ता और मंच संचालक के रूप में भी डॉ. चतुर्वेदी की विशिष्ट पहचान है। शैक्षणिक और सामाजिक क्षेत्र में उनकी निरंतर सक्रियता ने उन्हें प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक सम्मानित स्थान दिलाया है।

## शिक्षक दिवस पर गणवेश और दुपट्टा भेंट कर शिक्षकों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** शिक्षा भारती समिति द्वारा संचालित माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण में 5 सितम्बर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समिति के लंबे समय तक व्यवस्थापक रहे शिक्षाविद् कुंजबिहारी शर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में राजश्री मलिक, प्राध्यापक, श्री आर्य महिला विद्यापीठ बीएड कॉलेज उपस्थित रहीं। उन्होंने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन एवं दर्शन पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदर्श विद्या मंदिर समिति, भरतपुर से पधारे प्रवासी चैतन्य प्रकाश अग्रवाल (जिला संस्कार केंद्र एवं शिशुवाटिका प्रमुख) रहे। अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य दीनदयाल सिंह ने कराया, वहीं स्थानीय समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कजौडीलाल मनोहरलाल (घट्टर वालों) की ओर से स्थानीय समिति के व्यवस्थापक रोहित कुमार सिंघल (घट्टर वाले) ने सभी आचार्यों को गणवेश एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में स्थानीय समिति के संरक्षक शेर सिंह सेनी, सदस्य मनीष कुमार मित्तल, सुशील कुमार भारद्वाज, हरिओम लाटा सहित विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्याएं उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने बनाया तालाब, समुद्र मंथन कार्यक्रम भक्ति और आस्था के साथ संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले के ग्रामीण अंचल में वर्षा की कामना को लेकर परंपरागत आयोजन बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बामन टुकड़ा पंचायत में समुद्र मंथन का अनूठा कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। खास बात यह रही कि गांव की महिलाओं ने श्रमदान कर करीब एक माह तक मिट्टी डालकर तालाब का निर्माण किया और वहीं भगवान इंद्र व भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। सामूहिक आरती और जलाभिषेक के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में समुद्र मंथन की झांकी मुख्य आकर्षण रही, जिसमें देव और दानवों द्वारा अमृत मंथन की पौराणिक कथा का सजीव चित्रण किया गया। भगवान विष्णु, भगवान शिव और अन्य देवी-देवताओं के रूप में प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजन, कीर्तन और धार्मिक नृत्यों ने भक्ति का रंग और गहरा किया।

### राज्य कर्मचारियों के तबादलों पर लगी रोक हटाई जाए, सभी विभागों में स्थानांतरण शुरू हों

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने सीएम को भेजा 10 सूत्री मांग पत्र

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान सरकारी स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) के तहत इलाज में आ रही दिक्कतों और निजी अस्पतालों में उपचार संबंधी पाबंदियों को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान महासंघ पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों के वेतन से हर माह कटौती की जाती है, इसके बावजूद आरजीएचएस योजना के अंतर्गत पंजीकृत निजी अस्पतालों में समुचित इलाज उपलब्ध नहीं हो रहा। गंभीर मरीजों को भर्ती करने में आनाकानी की जाती है, वहीं कई जांचों और दवाओं को योजना से बाहर कर दिया गया है। इससे कर्मचारियों और उनके परिजनों को इलाज के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। महासंघ ने मांग की है कि आरजीएचएस में कैशलेस उपचार की गारंटी दी जाए और संस्थागत भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए।

जिला महामंत्री रविंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि ज्ञापन में कर्मचारियों की अन्य समस्याओं को भी प्रमुखता से शामिल किया गया है। इसमें राज्य कर्मचारियों के तबादलों पर लगी रोक हटाकर सभी विभागों में स्थानांतरण शुरू करने तथा राजनीतिक डिज़ायर सिस्टम समाप्त कर पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने की मांग की गई है। साथ ही तृतीय श्रेणी शिक्षक और ग्राम विकास अधिकारियों की न्यायालय में लंबित डीपीसी को शीघ्र पूरा कर पदोन्नति सुनिश्चित करने, पटवारी संवर्ग की ग्रेड पे बढ़ाकर 3600 करने और तहसीलदार का पद शत प्रतिशत पदोन्नति से भरने की बात भी उठाई गई है। ज्ञापन में आगे आयुर्वेद निदेशालय द्वारा आयुष कर्मचारियों पर लागू मोबाइल अटेंडेंस सिस्टम को समाप्त कर पूर्व व्यवस्था बहाल करने, पशुधन निरीक्षक का प्रारंभिक वेतनमान ग्रेड पे 4200 (लेवल-11) करने और राजस्थान वेटरनरी नर्सिंग काउंसिल के गठन की मांग की गई है। इसके अलावा प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कृषि पर्यवेक्षक का पद सृजित करने तथा शिक्षा विभाग में वर्षों से समान कार्य कर रहे पैरा टीचर्स, शिक्षा कर्मियों और पंचायत सहायकों को संविदा से स्थाई सेवा में शामिल करने की मांग भी रखी गई है।

## महासंघ की सरकार से वार्ता के बाद आरजीएचएस सेवाएं पुन: शुरू,आंदोलन स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के आह्वान पर मंगलवार को धौलपुर सहित जिलेभर में कर्मचारियों ने एक घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक सरकारी कार्यालयों में कामकाज ठप रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने विभिन्न स्थानों पर एकत्र होकर नारेबाजी की और जिला कलेक्टर निधि बी. टी. के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महासंघ के जिला अध्यक्ष चन्द्रभान चौधरी ने बताया कि प्रदेशव्यापी आंदोलन के दबाव में सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, कार्मिक शासन सचिव के. के. पाठक और आरजीएचएस के नोडल अधिकारी शाइन अली के साथ हुई वार्ता के बाद यह सहमति बनी कि अनुमोदित अस्पतालों में राजस्थान सरकारी स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) के तहत उपचार और दवाओं की सुविधा तुरंत प्रभाव से पुनः प्रारंभ की जाएगी।

इस आश्वासन के बाद महासंघ ने आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की। चौधरी ने कहा कि कर्मचारियों की एकजुटता और विरोध से सरकार को समस्या की गंभीरता का अंदाजा हुआ। उन्होंने प्रदेश के सभी कर्मचारी संगठनों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने कार्य बहिष्कार को सफल बनाया।

# चोरी के बाद मौज-मस्ती में उड़ाते थे रुपए

## राजसमंद पुलिस ने शातिर गैंग का किया पर्दाफाश

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले में लगातार हो रही चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने बीते एक साल में 12 से ज्यादा गांवों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि चोरी का माल वे मौज-मस्ती और ऐय्याशी में खर्च कर देते थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिन के समय गांवों में जाकर मकानों और मंदिरों की रेकी करते थे और देर रात सुनसान व खाली मकानों को निशाना बनाते थे। यहां तक कि मंदिरों की दान पेटियों तक को भी नहीं छोड़ते थे। गिरोह ने अब तक 22 से अधिक वारदातों को अंजाम दिया है। इनमें रक्मगढ़, कोटेला नहर, बाणिया टुकड़ा, पडासली, सीमा, भैंसाकमेड़, सांगठ, बोरड, आत्मा, गजपुर और थोरिया सहित कई गांव शामिल हैं। वारदातों के दौरान आरोपियों ने नकदी, सोना-चांदी के आभूषण, कैमरे, मशीनें और मंदिरों की दान पेटियों से मिली नकदी चोरी की। गैंग को पकडऩे के लिए राजसमंद साइबर सेल, नाथद्वारा और खमनोर पुलिस की संयुक्त टीम ने 1500 ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज खंगाले और 100 से अधिक स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस सघन जांच के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में थावरचंद (25) पुत्र पुनाराम और प्रभुलाल (30) पुत्र लाहुराम, दोनों निवासी उठिया भाटा, कुंडला, थाना गोगुंदा (उदयपुर), लक्ष्मणलाल (28) पुत्र रामाजी और खुमाराम (30) पुत्र रामलाल, दोनों निवासी नाल कलावाखेड़ा (उदयपुर) शामिल हैं। नाथद्वारा और खमनोर पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों की जानकारी जुटा रही है, जिससे और भी खुलासे होने की संभावना है।

## गणेश महोत्सव में छप्पन भोग और रात्रि जागरण शनिवार को पार्वती नदी में होगा विसर्जन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** गणेश चतुर्थी से आरंभ हुआ गणेश महोत्सव बाड़ी में भक्तिमय वातावरण के बीच धूमधाम से मनाया जा रहा है। नगर के विभिन्न मंदिरों और मंडलों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। कोट पाड़ा बाल गणेश मंडल द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का समापन गुरुवार को हुआ। कथा वाचन आचार्य पवन शास्त्री ने किया। इस दौरान परीक्षित की भूमिका में समाजसेवी विनोद स्वर्णकार, उनके परिजन और सर्राफा संघ अध्यक्ष राजकुमार वर्मा उपस्थित रहे। होद मोहल्ला स्थित कुल्ली वाले हनुमान मंदिर में स्थानीय श्रद्धालुओं ने गणेश महोत्सव का आयोजन किया। मंदिर पुजारी बलराम तिवारी ने बताया कि कॉलोनीवासियों के सहयोग से भगवान गणेश को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसमें पिंका बंसल सहित मोहल्लेवासियों का विशेष योगदान रहा। अग्रवाल धर्मशाला में गणेश मंडल का 22वां आयोजन चल रहा है। यहां रात्रि जागरण और छप्पन भोग की प्रसादी का आयोजन किया गया। सभी स्थानों पर शुक्रवार को सामूहिक भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर की सभी गणेश प्रतिमाएं बैंड-बाजों और शोभायात्रा के साथ बसेड़ी रोड स्थित पार्वती नदी ले जाई जाएंगी। वहां सामूहिक आरती और प्रसादी वितरण के बाद प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया जाएगा।

## चंबल नदी फिर उफान पर धौलपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है नदी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** कोटा बैराज के कैचमेंट क्षेत्र में बीते दिनों हुई लगातार बारिश के चलते एक बार फिर चंबल नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बैराज के गेट खोलकर जल निकासी की जा रही है, जिसका सीधा असर धौलपुर जिले पर पड़ रहा है। शुक्रवार को नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ हालात पर नजर बनाए हुए है। आपदा प्रबंधन, चिकित्सा, जल संसाधन, विद्युत, पुलिस एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क किया जाए और जरूरत पडऩे पर एहतियातन विस्थापन की व्यवस्था की जाए।

फील्ड अधिकारियों को लगातार निगरानी रखने, राहत सामग्री, नाव, मोटरबोट और आपात चिकित्सा टीमों को तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे नदी और नालों से दूर रहें तथा किसी भी परिस्थिति में ओवरफ्लो रपट को पार करने का प्रयास न करें। जिला प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 05642-220033 जारी किया है, जिस पर आपदा की स्थिति में तुरंत सूचना दी जा सकती है ताकि समय पर राहत पहुंचाई जा सके। बारिश के मौसम को देखते हुए प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आकाशीय गर्जन और बिजली गिरने की घटनाएं जानलेवा हो सकती हैं।

दसलक्षण महापर्व का नवम दिवस

# परिग्रह का त्याग ही उत्तम आकिंचन धर्म

बढ़ता राजस्थान



**कामां/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** दसलक्षण महापर्व के नवम दिवस पर जैन समाज ने उत्तम आकिंचन धर्म की आराधना की। इस अवसर पर कामां के कोट ऊपर स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे दस लक्षण महामंडल विधान में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए अनिमेष जैन ने कहा कि बाहरी आवरण का त्याग कर आत्मा को पहचानना ही उत्तम आकिंचन धर्म है। किंचित मात्र भी परिग्रह न करना इस धर्म की विशेषता है। विधान के दौरान सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य भागचंद जैन, सुशील जैन, रिंकेश (रिंकू) जैन, श्रेयांस जैन, खुश जैन, नमन जैन बडज़ात्या परिवार को प्राप्त हुआ। जैन समाज अध्यक्ष अनिल जैन के अनुसार, धर्म विवेचना के दौरान संजय सर्राफ व दीपक जैन ने कहा कि धन, संपत्ति, मकान, दुकान और जायदाद व्यक्ति का वास्तविक स्वरूप नहीं हैं। इनसे मोह का त्याग कर आत्मा की पहचान करना और आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होना ही जीवन का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। संजय जैन बडज़ात्या ने कहा कि आकिंचन धर्म परिग्रह के बंधनों से मुक्ति का संदेश देता है। वहीं रिंकू जैन ने कहा कि मनुष्य अकेला जन्म लेता है और अकेला ही जाता है, इसलिए एकाकी भाव से ही आत्मकल्याण संभव है।

### अनंत चतुर्दशी पर होगा समापन

समाज के कोषाध्यक्ष मयंक जैन ने बताया कि आगामी शनिवार भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी को जैन धर्म का सबसे बड़ा पर्व अनंत चतुर्दशी मनाया जाएगा। इस दिन स्थानीय चारों जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होगी। श्रावक-श्राविकाएं व्रत, उपवास और एकासन का पालन करेंगे। साथ ही दसवें धर्म उत्तम ब्रह्मचर्य की आराधना और दस दिवसीय दसलक्षण विधान का समापन होगा। रात्रिकालीन कार्यक्रम में सम्मान समारोह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

### वासुपूज्य स्वामी का निर्वाण उत्सव

शांतिनाथ मंदिर समिति के प्रदीप जैन बडज़ात्या ने बताया कि जैन धर्म के बारहवें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य स्वामी का निर्वाण कल्याणक उत्सव भी मनाया जाएगा। इस अवसर पर निर्वाण लाडू समर्पित किए जाएंगे और शांतिनाथ दिगंबर जैन दीवान मंदिर स्थित विजयमती स्वाध्याय भवन में वृहद शांति धारा का आयोजन होगा।

# आचार्य जयमल जन्म जयंती महोत्सव प्रारंभ, 221 श्रावकों ने किया एकासन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय आचार्य जयमल जन्म जयंती महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। प्रथम दिवस 221 श्रावक-श्राविकाओं ने धर्म-आराधना करते हुए एकासन किया।

महोत्सव के तहत शनिवार को जयमल जाप तथा रविवार को नगर के चुंगी नाका स्थित एसआर वाटिका में गुणगान सभा का आयोजन होगा। शुक्रवार की प्रभावना गुप्त परिवार द्वारा रखी गई थी। इस अवसर पर महाराष्ट्र, मुंबई सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी कपासन पहुंचे।

इधर, अंबेश भवन में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए महासाध्वी कंचन कंवर म.सा. ने कहा कि परमात्मा महावीर की वाणी और धर्मशास्त्र हमें मनुष्य जीवन का सार बताते हैं। उन्होंने कहा कि दृष्टि सम्यक होने पर ही साधना सही दिशा में होती है। यदि हम निरंतर सामायिक करेंगे तो अंततः मंजिल तक पहुंच पाएंगे। मनुष्य जीवन दुर्लभ है और इसकी अंतिम मंजिल मोक्ष प्राप्ति है, इसलिए हमारी जीवन यात्रा इसी लक्ष्य की ओर होनी चाहिए।

धर्मसभा का संचालन जैन श्रावक संघ कपासन के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने किया।

# वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ : विधायक कोठारी बोले, वृक्ष प्रकृति का अनुपम उपहार




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का ऐसा अनुपम उपहार हैं, जो जीवनभर हमें देते रहते हैं। वे मंगलवार को शिक्षक दिवस पर राजमाता विजयराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित सघन वृक्षारोपण अभियान के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

यह अभियान मुस्कान फाउंडेशन और कृष्णा जिनिंग एंड कॉटन फैक्ट्री के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेज परिसर में 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कोठारी ने कहा कि वृक्ष हमें जितना देते हैं, उसके बदले हम उन्हें कुछ भी नहीं दे पाते। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जैसे मां हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होती है, वैसे ही वृक्ष भी जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा इस वर्ष 11 करोड़ वृक्ष लगाने के लक्ष्य को पूरा करने की उपलब्धि की सराहना की और आमजन से अपील की कि मानसून समाप्त होने से पहले अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

अभियान के दौरान मुस्कान फाउंडेशन और कृष्णा जिनिंग के सदस्य एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# उपखंड के बांगरेड़ा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़।** जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को निंबाहेड़ा उपखंड की बांगरेड़ा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इसमें भाग लेकर अपनी समस्याएं रखीं। कलक्टर ने मौके पर ही जनसुनवाई करते हुए कई मामलों का तुरंत निस्तारण किया।

चौपाल में ग्रामीणों ने सडक़ और नालियों का निर्माण, खेतों तक पहुंच मार्ग, राशन कार्ड में नाम जोडऩे, पेंशन और पालनहार योजना जैसी समस्याएं सामने रखीं। जिला कलक्टर ने अधिकांश मामलों का हाथों-हाथ समाधान कराया।

इस दौरान लक्ष्मी बाई कुमावत की लंबे समय से लंबित राशन कार्ड ई-केवाईसी की समस्या का तत्काल निस्तारण कर उन्हें पेंशन और पालनहार योजना का लाभ प्रारंभ कराया गया। इसी तरह एक ग्रामीण, जिसका नाम खाद्य सुरक्षा सूची में शामिल नहीं था, उसका ई-केवाईसी कराकर उसे योजना से जोड़ा गया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस रवींद्र मेघवाल, प्रधान बगदीराम धाकड़, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नगर पालिका में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा शहर चलो अभियान

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** नगर पालिका कपासन में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहर चलो अभियान-2025 आयोजित किया जाएगा। गुरुवार को पालिकाध्यक्ष मंजुदेवी सोनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में अभियान की रूपरेखा तय की गई।

अधिशासी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि अभियान के दौरान वार्डवार क्लस्टर बनाकर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में जनप्रतिनिधियों और पालिका कार्मिकों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।

अभियान के अंतर्गत शहर में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत व नई लाइट लगाना, टूटी क्रॉसिंग की मरम्मत, सडक़ों पर ब्लैक स्पॉट हटाना, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व मरम्मत जैसे कार्य किए जाएंगे। साथ ही आमजन को पट्टे वितरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि मुख्य शिविरों से पहले पालिका कार्यालय में प्री-कैम्प आयोजित किए जाएंगे, जिनमें आमजन की समस्याओं को चिन्हित कर योजनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन करवाए जाएंगे। पालिकाध्यक्ष मंजुदेवी सोनी ने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। बैठक में ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नंदकिशोर टेलर, उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली, पार्षद अशोक विजयवर्गीय, गोपाललाल पुर्बिया, पार्षद प्रतिनिधि शंभुलाल बागड़ा, कनिष्ठ अभियंता खेमराज सिंह गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़ ने ली समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर।** जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने शुक्रवार को अतिवृष्टि, राहत एवं बचाव कार्य, सहायता, गिरदावरी, पशुहानि, पंच गौरव, गांव चलो अभियान, शहर चलो अभियान तथा सहकारिता अभियान से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिला कलक्टर लोक बन्धु ने विभिन्न कार्यों की जानकारी दी।

समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी सचिव ने जिला आपदा नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं फोन मिलाकर बाढ़ और अतिवृष्टि से संबंधित स्थिति की जानकारी ली। नियंत्रण कक्ष से मिली संतोषजनक जानकारी पर उन्होंने कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि भारी वर्षा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क टूट सकता है, ऐसे में स्थानीय प्रशासन को लगातार निगरानी रखकर मूलभूत सुविधाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी। सभी पटवारी, ग्राम सेवक और अधिकारी मुख्यालय पर ही तैनात रहें। उन्होंने एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के दलों से सतत संपर्क बनाए रखने और आवश्यकता अनुसार उन्हें राहत कार्यों में लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति तत्काल बंद करने, झूलते तारों को दुरुस्त करने और क्षतिग्रस्त तारों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त संपत्तियों की मरम्मत मौसम ठीक होते ही शुरू करने तथा जर्जर संरचनाओं का उपयोग रोकने को कहा। सडक़ मरम्मत कार्यों की जांच राजस्व अधिकारियों से करवाने और विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम में चिकित्सा व शिक्षा विभागों को मिलकर कार्य करने के निर्देश भी दिए। प्रभारी सचिव ने पशुहानि, मकान क्षति और जनहानि संबंधी मामलों का त्वरित सर्वे कर पोर्टल पर आवेदन दर्ज करवाने पर जोर दिया। उन्होंने जलस्त्रोतों से सुरक्षित जल निकासी, सभी बांधों पर गेज पट्टी लगाने और उनकी मजबूती पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। अजमेर शहर के मास्टर ड्रेनेज प्लान पर भी चर्चा की गई।

उन्होंने कहा कि फसलों की गिरदावरी और खराबे का आंकलन 10 दिनों में पूर्ण किया जाए ताकि किसानों को समय पर राहत मिल सके। डिजिटल क्रॉप सर्वे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने इन कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने को कहा। पंच गौरव कार्यक्रम में तेजी लाने के निर्देश देते हुए उन्होंने बताया कि गांव चलो और शहर चलो अभियान के अंतर्गत प्री-कैंप का आयोजन कर पहले से आवेदन प्राप्त किए जाएं और कैंप में मौके पर निस्तारण हो।

## नकली घी का गढ़, खाद्य सुरक्षा विभाग की निष्क्रियता से लोगों की सेहत पर संकट

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा और आसपास के क्षेत्र नकली घी के कारोबार का गढ़ बन चुके हैं। यहां वर्षों से नकली घी बनाने की फैक्ट्रियां धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं, लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग की उदासीनता के कारण अब तक किसी भी फैक्ट्री मालिक पर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, इन फैक्ट्रियों में सोयाबीन तेल, डालडा और कृत्रिम खुशबू मिलाकर नकली घी तैयार किया जाता है। यह घी अमूल, सरस, नोवा, साँची और कृष्णा जैसे नामी ब्रांडों की नकली पैकिंग में भरकर बाजार में सप्लाई किया जाता है। खास बात यह है कि सप्लाई भी लग्जरी गाडियों से की जाती है, जो निम्बाहेड़ा से सावलियाजी, डूंगला, गादोला, कनेरा, बड़ी सादड़ी, कानोड़, मांगलवाड़, निकुंभ, जावद, सावा, शंभूपुरा और छोटी सादड़ी सहित कई कस्बों तक पहुंचाई जाती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मिलावटी घी का लंबे समय तक सेवन करने से कैंसर, लीवर और किडनी की बीमारियां, अस्थमा और अन्य गंभीर रोग हो सकते हैं। इसके बावजूद फैक्ट्री मालिक महज लालच के लिए आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, पहले भी प्रतापगढ़ जिले में नकली घी की सप्लाई के मामले में निम्बाहेड़ा निवासी राजेंद्र भडक़तिया का नाम सामने आया था। बावजूद इसके, उस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सूत्र बताते हैं कि भडक़तिया और उसके साथियों ने अब फिर से नकली घी का कारोबार शुरू कर दिया है और खुलेआम दूर-दराज क्षेत्रों तक सप्लाई कर रहे हैं।

सूत्रों का यह भी कहना है कि नकली घी बनाने के लिए कच्चा माल दिल्ली और मध्य प्रदेश से मंगवाया जाता है। नगरपरिषद क्षेत्र में भडक़तिया के अलावा भी कई लोग यह अवैध कारोबार कर रहे हैं।

अब देखना यह है कि खाद्य सुरक्षा विभाग और प्रशासन इस पर कठोर कार्रवाई कर कोई मिसाल पेश करते हैं।

# देश के विकास में शिक्षकों की भूमिका अहम



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा))।** विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि देश के विकास में शिक्षकों की भूमिका हमेशा से ही महत्वपूर्ण रही है। वे मंगलवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कोठारी ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के पथप्रदर्शक होते हैं। देश की प्रगति के पीछे शिक्षकों का समर्पण और परिश्रम है, जिन्होंने अपनी शिक्षा और मार्गदर्शन से प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर और सैनिक जैसे अनेक योग्य नागरिक देश की सेवा हेतु तैयार किए हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस अवसर है, जब हम अपने शिक्षकों द्वारा दी जा रही अमूल्य सेवाओं को स्मरण कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें। कोठारी ने सभी शिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें समाज की असली धरोहर बताया।

समारोह में शिक्षा विभाग के अधिकारी रामेश्वर बाल्दी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सांसद दामोदर अग्रवाल का जन्मोत्सव: धार्मिक अनुष्ठान, विकास कार्य और जनसेवा के संकल्प के साथ मनाया गया

बढ़ता राजस्थान





**भीलवाड़ा (अमित शर्मा))।** लोकसभा सांसद दामोदर अग्रवाल का जन्मोत्सव सोमवार को जिलेभर में श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। दिन की शुरुआत सांसद ने नोगांव स्थित भगवान चारभुजा नाथ के दर्शन से की। इसके बाद परम् पूज्य माधव गोशाला में गऊ माता को लापसी खिलाकर आशीर्वाद लिया।

बिलिया में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के योगेंद्र सिंह कटार और विमल जैन के नेतृत्व में सांसद का भव्य स्वागत किया गया। विभिन्न समाजों और वर्गों के लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

विकास कार्यों का शिलान्यास

जन्मोत्सव के अवसर पर नगर विकास न्यास द्वारा कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इनमें पुलिस लाइन से मेवाड़ मिल होते हुए पांडु नाले तक 100 फीट रोड और नाला निर्माण, विद्युत लाइन शिफ्टिंग समेत अन्य कार्य शामिल हैं। इन पर लगभग 467.55 लाख रुपये की लागत प्रस्तावित है। कार्यक्रम में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, विधायक अशोक कोठारी, महापौर राकेश पाठक सहित प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सांसद अग्रवाल ने सत्यम कॉम्प्लेक्स के समीप डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पीस पार्क महिला आश्रम कॉलेज, पथिक नगर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी अस्पताल में पाँच बच्चों को कृत्रिम पैर भेंट किए गए, जिससे उनके जीवन में आत्मनिर्भरता का नया अध्याय जुड़ सका। प्रवक्ता विनोद झुरानी के अनुसार, उत्सव भवन में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें जिलेभर के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। इस दौरान सांसद अग्रवाल ने 'सांसद खेल महोत्सव' की वेबसाइट और क्यूआर कोड का लोकार्पण किया तथा युवाओं से खेलों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि उनके लिए जन्मदिन केवल उत्सव नहीं, बल्कि जनसेवा के लिए नई ऊर्जा और संकल्प का अवसर है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी शुक्रवार को कपासन में पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजन आम मुसलमान अंजुमन कमेटी के सदर अशफाक हुसैन तुर्कीया, शहर काजी मोहम्मद सईद तथा सभी मस्जिदों के इमामों के सानिध्य में हुआ।

अंजुमन कमेटी प्रवक्ता गुड्डू खान ने बताया कि अवसर पर सुबह 9 बजे जामा मस्जिद मोमिन मोहल्ला से विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस कलंदरी मस्जिद, बस स्टैंड, पांचबत्ती चौराहा और हाईवे चौराहा से होकर हजरत दीवाना शाह दरगाह शरीफ पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में विभिन्न तंजीमों के पदाधिकारी, मस्जिदों और मदरसों के बच्चे शामिल हुए। मदरसा बड़ा तालाब कमेटी के इमाम नात-ए-शरीफ पढ़ते हुए आगे बढ़ रहे थे, वहीं मदरसा तालीमुल इस्लाम मोमिन मोहल्ला के बच्चे झंडे लहराते हुए नाते-मुस्तफा गुनगुना रहे थे। जुलूस के दौरान मुस्लिम धर्मावलंबियों को जगह-जगह स्थानीय लोगों की ओर से ड्राईफ्रूट, फल, मिठाई, शरबत, पानी और चॉकलेट वितरित किए गए। दरगाह परिसर में दीवाना-ए-मुस्तफा कमेटी, गुलशन-ए-रजा कमेटी और गुलामे दीवाना कमेटी द्वारा लंगर की विशेष व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव, थानाधिकारी रतन सिंह और तहसीलदार नासिर बेग मिर्जा सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। दरगाह शरीफ के बाहर अंजुमन कमेटी ने अतिथियों का साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली, डॉ. वसीम खान, दरगाह वक्फ कमेटी सदस्य अकरम मंसूरी, मजहर हुसैन, अधिवक्ता मो. अब्बास नीलगर, मो. शरीफ, मो. अंसार मंसूरी, रफीक भाटी, मंसूर अहमद, साबिर हुसैन, यासीन सहारा, सलीम मंसूरी, शराफत हाजी, यासीन हाजी, फारुख नीलगर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## आठ दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहे मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम



**बढ़ता राजस्थान**

**नई दिल्ली।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम 9 सितंबर से भारत की आठ दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार और निवेश जैसे कई अहम क्षेत्रों में सहयोग को और मज़बूत करने के तरीकों पर चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री रामगुलाम इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यापक मुद्दों पर बातचीत करेंगे, ताकि दोनों देशों के बीच "उन्नत रणनीतिक साझेदारी" को और आगे बढ़ाया जा सके। मंत्रालय ने कहा, मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगूलाम 9 से 16 सितंबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे।


रामगुलाम मुंबई, वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति भी जाएंगे। उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है। यह रामगुलाम की मौजूदा कार्यकाल में पहली विदेश द्विपक्षीय भारत यात्रा होगी। अपने प्रवास के दौरान वह नई दिल्ली, मुंबई, वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति जाएंगे। प्रधानमंत्री रामगुलाम इससे पहले 2014 में पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने भारत आए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा रामगुलाम मुंबई में एक व्यावसायिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि रामगुलाम की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच मजबूत और स्थायी संबंध और मजबूत होंगे।

### यूक्रेन पर पुतिन का सख्त रुख

# 'शांति समझौते से पहले किसी देश की फौज घुसी तो तबाही तय',

**बढ़ता राजस्थान**

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को साफ चेतावनी दी कि अगर किसी भी विदेशी सैनिक को शांति समझौते से पहले यूक्रेन में तैनात किया जाता है, तो उन्हें रूस की सेना 'वैध निशाना' मानेगी। पुतिन ने यह बयान ऐसे समय दिया है जब यूरोपीय नेताओं ने यूक्रेन के लिए संभावित शांति मिशन को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। व्लादिवोस्तोक में आयोजित ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में पुतिन ने कहा कि अगर यूक्रेन में कोई सैनिक आता है, खासकर अभी जब लड़ाई जारी है, तो हम मानेंगे कि वे वैध निशाने हैं। उन्होंने शांति बलों की तैनाती के विचार को खारिज करते हुए कहा कि रूस किसी भी अंतिम शांति समझौते का पालन करेगा, लेकिन फिलहाल लड़ाई के बीच विदेशी सैनिकों की मौजूदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




### फ्रांस के राष्ट्रपति का प्रस्ताव

पुतिन की यह प्रतिक्रिया फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के उस बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 26 देशों ने सैनिक भेजने की प्रतिबद्धता जताई है। पेरिस में 35 देशों के गठबंधन की बैठक के बाद मैक्रों ने कहा कि ये सैनिक किसी भी युद्धविराम या शांति समझौते के बाद 'रिअश्योरेंस फोर्स' के तौर पर तैनात होंगे।

रूस बार-बार कह चुका है कि नाटो या किसी भी तरह के अंतरराष्ट्रीय शांति बल की यूक्रेन में मौजूदगी अस्वीकार्य है। पुतिन ने जोर देकर कहा कि रूस और यूक्रेन दोनों की सुरक्षा गारंटी जरूरी हैं। उन्होंने इशारा किया कि शांति समझौते के बाद भी रूस अपनी सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की चूक नहीं करेगा। रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर हमला किया था। इससे पहले 2014 में रूस ने यूक्रेन के क्रीमिया प्रायद्वीप पर कब्जा कर लिया था।

## नेपाल में सोशल मीडिया बैन पर सियासी तूफान




**बढ़ता राजस्थान**

**नई दिल्ली।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री एवं माओवादी अध्यक्ष पुष्पकमल दहल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही आलोचना को दबाने के लिए सरकार ने सोशल मीडिया बंद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए कहा, 'यह कदम केवल संविधान विरोधी, अलोकतांत्रिक और जनविरोधी ही नहीं है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोशल मीडिया पर प्रकाशन और प्रसारण सम्बन्धी दिए गए आदेश की गलत व्याख्या भी है।' हालाँकि, दाहाल स्वयं जब प्रधानमंत्री थे, तब उनकी सरकार ने सामाजिक सद्भाव बिगड़ने का हवाला देते हुए टिकटॉक बंद करने का निर्णय लिया था। इसी तरह राष्ट्रिय स्वतंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष और सांसद स्वर्णिम वाग्ले ने कहा कि सोशल मीडिया बंद करना अधिनायकवाद का संकेत है। रामेछाप जिला के मन्थली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'आज के डिजिटल युग में सूचना प्रवाह रोकने की कोशिश सूर्य को हथेली से ढकने जैसी है।' उनका कहना था कि जनता के दबाव और विरोध के कारण सरकार इस निर्णय को लागू नहीं कर पाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री तथा नेपाल समाजवादी पार्टी (नया शक्ति) के अध्यक्ष बाबुराम भट्टराई ने कहा कि कर के दायरे में आ चुके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सूचीबद्ध न होने के आधार पर बंद करना गलत है। उनके अनुसार, राज्य आवश्यकतानुसार नियमन कर सकता है, लेकिन इंटरनेट और एआई ने सीमाएं पार कर ली हैं, ऐसे में पुरानी शैली से रोकना उचित नहीं है।

## ब्रिटेन की डिप्टी पीएम एंजेला रेनर ने पद से दिया इस्तीफा

**बढ़ता राजस्थान**

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश डिप्टी पीएम एंजेला रेनर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने ये इस्तीफा घर खरीद के दौरान खुद की तरफ से किए गए टैक्स घोटाले के बाद दिया है, जिस उन्होंने खुद स्वीकारा भी है।

ब्रिटेन की उप-प्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह कदम उस स्वतंत्र जांच रिपोर्ट के बाद उठाया गया, जिसमें पाया गया कि उन्होंने हाल ही में खरीदी गई संपत्ति पर टैक्स सही तरीके से नहीं चुकाया और इस तरह सरकारी मंत्रियों के लिए तय नैतिक मानकों का पालन नहीं किया।

बुधवार को एंजेला रेनर ने स्वीकार किया था कि उन्होंने इंग्लैंड के दक्षिणी तट में मौजूद हव इलाके में खरीदे गए एक फ्लैट पर सही टैक्स नहीं भरा। इसके बाद उन्होंने खुद को मंत्री नैतिकता मानकों के स्वतंत्र सलाहकार लॉरी मैग्नस के पास जांच के लिए भेजा।



### करीब 42 लाख का किया टैक्स घोटाला

लॉरी मैग्नस ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को सौंपी। इस रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि एंजेला रेनर ने 'स्टॉम्प ड्यूटी' नाम का टैक्स कम भरा, जिससे उन्हें करीब 40,000 पाउंड (लगभग 42 लाख रुपये) का फायदा हुआ। बता दें कि ब्रिटेन में किसी भी संपत्ति की खरीद पर टैक्स लगाया जाता है, जो महंगी या दूसरी संपत्तियों पर और ज्यादा होता है। एंजेला रेनर लेबर सरकार में हाउसिंग (आवास) मामलों की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। वह अपने बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं और अक्सर टैक्स चोरी करने वालों, खासकर पिछली कंजरवेटिव सरकार के नेताओं की कड़ी आलोचना करती रही हैं। जुलाई 2024 में सत्ता में आई लेबर सरकार के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है। रेनर ने कहा, "निष्कर्षों और मेरे परिवार पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए।

## बांग्लादेश: आवामी लीग ने ढाका स्थित जातीय पार्टी कार्यालय पर हमले की निंदा की



**बढ़ता राजस्थान**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश अवामी लीग ने सोमवार को देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में से एक, जातीय पार्टी के कार्यालय पर हुए हमले, तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की कड़ी निंदा की।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि शनिवार शाम को ढाका के ककरैल स्थित जापा के केंद्रीय कार्यालय पर हमला किया गया और उसे आग लगा दी गई। यह घटना उसी इलाके में जापा कार्यकर्ताओं और गोनो अधिकार परिषद के कार्यकर्ताओं के बीच हुई हिंसक झड़पों के एक दिन बाद हुई थी।हमले के बाद, जापा अध्यक्ष के प्रेस सचिव और संयुक्त महासचिव खांडेकर देलवर जलाली ने एक बयान में कहा, "आगजनी करने वालों ने आज शाम ककरैल स्थित जातीय पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आग लगा दी और भूतल स्थित पुस्तकालय से किताबें, महत्वपूर्ण दस्तावेज और फर्नीचर जला दिए।"

उन्होंने आगे कहा, "यह हमला जातीय पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा अपने निर्धारित कार्यक्रम समाप्त करने और कानून प्रवर्तन अधिकारियों के अनुरोध पर कार्यालय खाली करने के बाद हुआ। इसके बाद लगभग 20 से 30 लोगों ने पुलिस बैरिकेड तोड़ दिए और आगजनी की।"

## अमेरिका में कितना निवेश कर रहे? डिनर पार्टी में ट्रंप का टेक दिग्गजों से सीधा सवाल

**बढ़ता राजस्थान**



**नई दिल्ली।** व्हाइट हाउस में आयोजित एक विशेष रात्रिभोज के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दिग्गज टेक कंपनियों के प्रमुखों से सीधा सवाल किया कि आप अमेरिका में कितना निवेश कर रहे हैं? इस खास रात्रिभोज में एपल, गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मौजूद थे।

ट्रंप ने एपल के सीईओ टिम कुक से पूछा, 'टिम, एपल अमेरिका में कितना पैसा निवेश कर रहा है? मुझे पता है यह बहुत बड़ी रकम है। आप पहले कहीं और थे, अब आप वाकई अमेरिका लौट रहे हैं। कितना पैसा निवेश करेंगे? टिम कुक ने जवाब दिया, 600 अरब डॉलर। इस पर ट्रंप ने प्रतिक्रिया दी, '600 अरब डॉलर? इससे बहुत सारी नौकरियां होंगी। हमें इस पर गर्व है। यह शानदार है। बहुत-बहुत धन्यवाद।'

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## अफगानिस्तान में नौ घंटे में पांच बार कांपी धरती, रिक्टर स्केल पर अधिकतम तीव्रता 5.8

**बढ़ता राजस्थान**

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। बीते नौ घंटे में यहा भूकंप के पांच झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 7.46 बजे 4.6 तीव्रता का भूकंप आया। इससे कुछ ही घदेर पहले यहां 5.2 तीव्रता के झटके लगे थे। इससे पहले बृहस्पतिवार आधी रात के बाद करीब 3:16 बजे 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले रात 11.58 बजे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (NCS) के मुताबिक काबुल से 118 किलोमीटर दूर भूकंप आया। जमीन से 50 किमी की गहराई में लगे इन झटकों के बाद अफगानिस्तान में दहशत का माहौल है। बता दें कि 4.1 तीव्रता के भूकंप से चंद मिनट पहले भी धरती कांपी थी, जिसकी तीव्रता 5.8 मापी गई। इस तरह 24 घंटे से भी कम समय में चार झटके लगे



और पांच घंटे के भीतर तीन बार धरती कांपी। इससे करीब आधे घंटे पहले लगे भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई। भूकंप के झटके काबुल से पूर्वी दिशा में लगभग 133 किमी दूर आए। एनसीएस के मुताबिक भूकंप की गहराई 160 किमी रही। इससे पहले आज दिन में भी भूकंप के झटके महसूस किए थे। जिसकी तीव्रता 4.8 थी। भूकंप 135 किलोमीटर की गहराई में आया था। बता दें कि 4 सितंबर की सुबह 10:40 बजे भी भूकंप आया था, जिसमें अब तक 2200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

### अफगानिस्तान में लगभग आधी रात भी कांपी धरती

वहीं, बुधवार देर रात भी यहां 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप दर्ज किया गया था, जिससे आफ्टरशॉक का खतरा बढ़ गया था। 'X' पर एक पोस्ट में NCS ने बताया कि अफगानिस्तान में रात 23:53 बजे 10 किलोमीटर की गहराई में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### 31 अगस्त की रात आए भूकंप ने मचाई तबाही

इस बीच खामा प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) ने अफगानिस्तान के भूकंप प्रभावित कुनार और नंगरहार प्रांतों में आपातकालीन सहायता भेजी है, जहां 2205 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 3,000 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। शुरुआती सहायता सामग्री में खाद्य सामग्री और उच्च-ऊर्जा वाले बिस्कुट शामिल हैं। आगे की सहायता और कर्मियों को पहुंचाने के लिए अतिरिक्त उड़ानें निर्धारित की गई हैं।

इससे पहले मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया था कि भारतीय भूकंप सहायता हवाई मार्ग से काबुल पहुंच गई है। उन्होंने कहा, 'भारतीय भूकंप सहायता हवाई मार्ग से काबुल पहुंच गई है। कंबल, टेंट, स्वच्छता किट, जल भंडारण टैंक, जनरेटर, रसोई के बर्तन, पोर्टेबल वाटर प्यूरीफायर, स्लीपिंग बैग, आवश्यक दवाइयां, व्हीलचेयर, हैंड सैनिटाइजर, जल शोधन गोलियां, ओआरएस घोल और चिकित्सा उपभोग्य सामग्रियों सहित 21 टन राहत सामग्री आज हवाई मार्ग से पहुंचाई गई।'

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बहता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान। प्रधान संपादक-राम विलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास ई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7733000123, कोटा कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार